वर्ष 24, अंक 269, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 6 अप्रैल 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## समंदर में भारत ने बढ़ा दी दुश्मनों की टेंशन!




**नई दिल्ली**

**राजनाथ** ने क्षेत्र में मुक्त नेविगेशन, नियम-आधारित व्यवस्था, शांति और स्थिरता के लिए साझा प्रतिबद्धता में भारतीय और विदेशी दोनों जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नौसेना की सराहना की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारतीय नौसेना यह सुनिश्चित करती है कि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में कोई भी देश अपनी अत्यधिक सैन्य और आर्थिक ताकत से दूसरे को दबा न सके। उन्होंने यह बात क्षेत्र में चीन की लगातार जारी रणनीतिक घुसपैठ की पृष्ठभूमि में कही। सिंह ने तटीय कर्नाटक के कारवार नौसैनिक अड्डे से पहले 'हिंद महासागर जहाज (आईओएस) सागर' को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि भारत का उद्देश्य आईओआर को 'भाईचारे और साझा हितों के प्रतीक' के रूप में विकसित करना है। राजनाथ ने क्षेत्र में मुक्त नेविगेशन, नियम-आधारित व्यवस्था, शांति और स्थिरता के लिए साझा प्रतिबद्धता में भारतीय और विदेशी दोनों जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नौसेना की सराहना की। इसके तहत, भारतीय नाविकों और नौ विदेशी देशों (कोमोरोस, केन्या, मेडागास्कर, मालदीव, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स, श्रीलंका और तंजानिया) के 44 कर्मियों का एक संयुक्त दल 5 अप्रैल से 8 मई तक दक्षिण-पश्चिम आईओआर में तैनाती के दौरान अपतटीय गश्ती पोत आईएनएस सुनयना का संचालन कर रहा है। युद्धपोत दार-एस-सलाम, नकाला, पोर्ट लुइस, पोर्ट विक्टोरिया और माले के बंदरगाहों पर रुकेगा और साथ ही तंजानिया, मोजाम्बिक, मॉरीशस और सेशेल्स के ईईजेड की संयुक्त निगरानी करेगा।

भाग लेने वाले देशों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए, सिंह ने आईओएस सागर के प्रक्षेपण को समुद्री क्षेत्र में शांति, समृद्धि और सामूहिक सुरक्षा के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब बताया। आईओआर में भारत की बढ़ती उपस्थिति की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, "यह सिर्फ हमारी सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों से जुड़ा नहीं है, बल्कि मित्र देशों की सुरक्षा को भी बढ़ाता है। हमारी नौसेना यह सुनिश्चित करती है कि आईओआर में कोई भी देश अपनी भारी अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति के आधार पर दूसरे देश को दबा न सके। हम यह सुनिश्चित करते हैं।

कि राष्ट्रों के हितों की रक्षा उनकी संप्रभुता से समझौता किए बिना की जाए।"

सिंह ने कहा, ह्यह्यहिंद महासागर क्षेत्र में भारत की तैनाती सिर्फ हमारे लिए नहीं बल्कि मित्र देशों के लिए भी है ह्लह्ल रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत का प्रयास हिंद महासागर क्षेत्र को और अधिक शांतिपूर्ण एवं समृद्ध बनाना है। इससे पहले सिंह ने नौसैनिक अड्डे पर विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री अपराह्न लगभग एक बजे नौसैनिक अड्डे पर पहुंचे, जहां उन्हें परेड ग्राउंड में ह्यगार्ड ऑफ ऑनरह्ल दिया गया। रक्षा मंत्री एक सैन्य हेलीकॉप्टर से प्रमुख अड्डे पर उतरे और वह यहां कई कार्यक्रम में शामिल होंगे। नौसेना परियोजना ह्यसीबर्डह्ल के तहत महत्वपूर्ण नौसैनिक अड्डे का विस्तार कर रही है।

## 'टैरिफ वॉर से चीन को लगा तगड़ा झटका', अमेरिकी लोगों से बोले- 'राह आसान नहीं होगी'



**अमेरिका : अमेरिका** की ओर से लगाए गए टैरिफ को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ही लोगों को चेताया है. उन्होंने अमेरिका के लोगों को भविष्य में होने वाली परेशानियों को जिक्र करते हुए कहा कि हम पहले बहुत मजबूर थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. ट्रंप ने कहा कि यह आसान नहीं होगा, लेकिन इसके अंतिम परिणाम ऐतिहासिक होंगे. उन्होंने अमेरिका में पहले की तरह नौकरियां और बिजनेस वापस लाने की भी बात रही है.

'चीन को अमेरिका से ज्यादा नुकसान हुआ'

डोनाल्ड ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिकी की ओर से लगाए गए

टैरिफ के जवाब में चीन ने भी यूएस उत्पादों पर 34 फीसदी टैक्स लगाया है. ये शुल्क 10 अप्रैल से अमेरिकी सामानों पर लगाए जाएंगे. इसके अलावा चीन ने अमेरिका की 16 कंपनियों पर भी एक्शन लिया है. इस पर डोनाल्ड टंप ने कहा, "चीन को अमेरिका से कहीं ज्यादा नुकसान हुआ है।

चीन के साथ-साथ कई अन्य देशों ने हमारे साथ बहुत बुरा व्यवहार किया है.

आर्थिक क्रांति में अमेरिका जीतेगा- ट्रंप

ट्रंप ने कहा, "अमेरिका में पहले से ही पांच ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश आ चुका है और यह तेजी से बढ़ रहा है. यह एक आर्थिक क्रांति है और हम जीतेंगे. हम अमेरिका को फिर से महान बनाएंगे." अमेरिका की ओर से व्यापार साझेदार देशों पर जवाबी शुल्क लगाए जाने के बाद चीन ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शिकायत भी दर्ज कराई है. चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि चीन ने 16 अमेरिकी कंपनियों को दोहरे उपभोग वाली वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का भी फैसला किया है.

अमेरिका-चीन व्यापार

न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी संस्थाएं ऐसी गतिविधियों में संलिप्त हैं, जो चीन की राष्ट्रीय सुरक्षा और हितों को खतरे में डाल सकती हैं. अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में चीन के साथ अमेरिका का कुल व्यापार अनुमानित 582.4 अरब डॉलर था. पिछले साल चीन को अमेरिकी वस्तु निर्यात 143.5 अरब डॉलर था, जबकि आयात कुल 438.9 अरब डॉलर था. इस दौरान चीन के साथ अमेरिकी व्यापार घाटा 295.4 अरब डॉलर था।

## इंडिगो की क्रू मेंबर पर फ्लाइट में बच्चे की गोल्ड चेन चुराने का आरोप

**नई दिल्ली**- मुखर्जी के अनुसार, जब बच्ची को उन्हें लौटाया गया, तो उसका सोने का हार गायब था। आरोपी फ्लाइट अटेंडेंट की पहचान अदिति अश्विनी शर्मा के रूप में हुई है। केम्पेगौड़ा एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। इंडिगो की एक फ्लाइट अटेंडेंट पर 1 अप्रैल को त्रिवेंद्रम से बेंगलुरु की उड़ान के दौरान एक पांच साल की बच्ची की सोने की चेन चुराने का आरोप लगा है।

## ऑल इंडिया मुस्लिम...वक्फ बिल के समर्थन में खुलकर उतरा ये संगठन,

### पूरी पारदर्शिता के साथ जमीन का इस्तेमाल होने की उम्मीद जताई

**नई दिल्ली**

**इस्ता** अंबर ने कहा कि वक्फ की जमीनों पर अवैध कब्जे को मुक्त कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम भाजपा सरकार से महिलाओं के अधिकार दिलाने और वक्फ बोर्ड में पारदर्शिता लाने का अनुरोध करते हैं। अब तक अन्य पार्टियों ने क्या किया, क्या वे सो रही थीं? मैं मौजूदा सरकार से अनुरोध करती हूं कि आज तक जो कुछ भी हुआ, उसे अब वक्फ की जमीनों को मुक्त कराने में मदद करें, जिन पर अवैध कब्जे हुए हैं, इसकी जांच होनी चाहिए और दोषियों के



खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

अखिल भारतीय मुस्लिम महिला पर्सनल लॉ बोर्ड ने संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है तथा सरकार से वक्फ बोर्ड के कामकाज में पारदर्शिता लाने तथा महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। ऑल इंडिया मुस्लिम महिला पर्सनल लॉ बोर्ड की अध्यक्ष शाइस्ता अंबर ने कहा कि जो कदम आज सरकार ने उठाया है, वह पहले की सरकारों और धार्मिक नेताओं को उठाना चाहिए था। सकारात्मक काम होना चाहिए। जो लोग वक्फ को दान देते हैं, उनकी मंशा होती है कि उनके दान का इस्तेमाल गरीबों के लिए किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि लेकिन ऐसा नहीं हो रहा था। ऐसा नहीं है कि सभी वक्फ की जमीनों का दुरुपयोग किया गया।

## दिल्ली में लागू हुई आयुष्मान भारत योजना

### केंद्र के साथ समझौते पर हस्ताक्षर



**नई दिल्ली**

योग्य दिल्ली के परिवारों को सालाना 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा मिलेगा, जिसे केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच बराबर-बराबर 5 लाख रुपये के हिसाब से बांटा जाएगा।

भाजपा के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (अइ-ढटखअ ) को राष्ट्रीय राजधानी में लाने के लिए केंद्र सरकार के साथ साझेदारी की है। शनिवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर करके, दिल्ली इस स्वास्थ्य योजना को अपनाने वाला 35वां राज्य/केंद्र शासित प्रदेश बन गया, जिससे पश्चिम बंगाल एकमात्र गैर-भागीदारी वाला राज्य बन गया। स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम 27 विशेषताओं में 1,961 चिकित्सा प्रक्रियाओं को कवर करते हुए मानार्थ उपचार प्रदान करता है, जिसमें दवाएं, निदान, अस्पताल में रहना, गहन देखभाल और शल्य चिकित्सा हस्तक्षेप शामिल हैं।योग्य दिल्ली के परिवारों को सालाना 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा मिलेगा, जिसे केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच बराबर-बराबर 5 लाख रुपये के हिसाब से बांटा जाएगा। दिल्ली के अधिकारियों और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के बीच समझौते को औपचारिक रूप दिया गया, जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समारोह में शामिल हुए।

## हावड़ा में गूंजेगा जय श्रीराम! हाई कोर्ट ने दी जुलूस की मंजूरी

**हावड़ा**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बंगाल पुलिस के फैसले को पलटते हुए हिंदू संगठनों को इस साल रामनवमी जुलूस निकालने की अनुमति दे दी है। न्यायालय ने कोलकाता से सटे हावड़ा जिले में कुछ खास शर्तों के साथ जुलूस निकालने की अनुमति दी है। यह फैसला पिछले साल पश्चिम बंगाल के कुछ इलाकों में रामनवमी समारोह के दौरान हुई हिंसक झड़पों के बाद आया है। कोर्ट ने जुलूस के लिए सशर्त मंजूरी देते हुए कहा कि जुलूस में शामिल किसी भी व्यक्ति को हथियार लेकर चलने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा, पुलिस जुलूस पर कड़ी निगरानी रखेगी और जुलूस में शामिल होने वालों की संख्या 500 तक सीमित रखी गई है। हाई कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि हावड़ा में जुलूस के लिए तय किए गए मार्ग का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। हिंदू संगठनों ने हावड़ा जिला पुलिस से रामनवमी जुलूस निकालने की अनुमति मांगी थी। हालांकि, पुलिस ने 2023 और 2024 में रामनवमी जुलूस के दौरान हिंसा और पथराव की पिछली घटनाओं के कारण सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था।

## रामनवमी पर रामेश्वरम में भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज का उद्घाटन करेंगे पीएम

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नवंबर 2024 में एक्स पर एक पोस्ट में इसे कनेक्टिविटी का एक नया युग बताया। उन्होंने कहा कि 1914 में निर्मित, पुराने पंबन रेल पुल ने 105 वर्षों तक मुख्य भूमि को रामेश्वरम से जोड़ा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 अप्रैल को रामनवमी के दिन तमिलनाडु का दौरा करेंगे। नरेंद्र मोदी नए पंबन रेल पुल का उद्घाटन करेंगे और रामेश्वरम-तांबरम रेल सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। पीआईबी की



विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी रविवार को दोपहर के आसपास नए पंबन रेल पुल का उद्घाटन करेंगे। नया पामदान पुल भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल है। प्रधानमंत्री मोदी रामेश्वरम-तांबरम (चेन्नई) नई रेल सेवा और सड़क पुल से एक जहाज को भी हरी झंडी दिखाएंगे और पुल के संचालन को देखेंगे।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नवंबर 2024 में एक्स पर एक पोस्ट में इसे कनेक्टिविटी का एक नया युग बताया। उन्होंने कहा कि 1914 में निर्मित, पुराने पंबन रेल पुल ने 105 वर्षों तक मुख्य भूमि को रामेश्वरम से जोड़ा। दिसंबर 2022 में जंग लगने के कारण इसे बंद कर दिया गया, इसने आधुनिक नए पंबन पुल के लिए मार्ग प्रशस्त किया, जो कनेक्टिविटी के एक नए युग की शुरूआत करता है!

## मनोज कुमार पंचतत्व में विलीन, दी गई 21 तोपों की सलामी



राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई

**मनोज कुमार** पंचतत्व में विलीन हो गए हैं. बेटे कुणाल गोस्वामी ने उन्हें मुखाग्नि दी. राजकीय सम्मान के उन्हें 21 तोपों की सलामी भी दी गई. मनोज का दाह संस्कार विले पार्ले के पवन हंस श्मशान हिन्दी सिनेमा के मशहूर कलाकार मनोज कुमार का 87 साल की उम्र में शुक्रवार को निधन हो गया. वह कई दिनों बीमार से चल रहे थे. उनके बेटे कुणाल गोस्वामी ने बताया कि वह 2-3 हफ्ते से बीमार चल रहे थे. इलाज के लिए उन्हें कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती कराया गया था. शुक्रवार तड़के 3:30 बजे अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली. आज उनका पवन हंस श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया. मनोज कुमार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई.

अमिताभ बच्चन, अभिषेक बच्चन, अरबाज खान-सलीम खान, सुभाष घई, राजपाल यादव, अनु मलिक, प्रेम चोपड़ा समेत कई बॉलीवुड सेलेब्स ने मनोज कुमार को अंतिम विदाई दी. विदाई के दौरान सबकी आंखें नम थीं।

# बार और बेंच के बीच वादकारियों का हित सर्वोच्च होना चाहिए : सांसद उज्ज्वल रमण सिंह

- बार एसोसिएशन कोरांव के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ समारोह आयोजित
- ग्राम न्यायालय के जज, एसडीएम, तहसीलदार रहे मौजूद

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** बार और बेंच के बीच वादकारियों का हित सर्वोच्च होना चाहिए। जो सबसे कमजोर व्यक्ति है उसके न्याय की आवाज दबनी नहीं चाहिए, यही न्याय का सूत्र है। श्री सिंह ने कहा हर अंतिम दुखिया व्यक्ति को न्याय दिलाना ही सभी अधिकारियों का लक्ष्य होना चाहिए। मिलजुल कर ही व्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। लड़कर व्यवस्थाएं और कमजोर होती हैं।

इलाहाबाद सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह ने शनिवार को तहसील परिसर कोरांव में आयोजित बार एसोसिएशन कोरांव के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ समारोह को संबोधित करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। सांसद ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष राम बहादुर सिंह पटेल व मंत्री लक्ष्मीकांत मिश्र समेत सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी पर लोगों की उम्मीद और विश्वास टिका हुआ है। गरीबों के चेहरे पर मुस्कान कैसे लाएं उस पर कार्य करें। इलाहाबाद सांसद ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष के नाम का आशय बताते कहा कि आप राम भी हैं, बहादुर भी हैं। भगवान राम मयार्दा पुरुषोत्तम थे तो आपके अंदर दोनों गुण विद्यमान हैं। निश्चित तौर पर आपके कार्यकाल में बार और बेंच के सामंजस्य तथा अधिकारियों की कर्तव्य निष्ठा से उम्मीद के अनुसार गरीब पीड़ितों व शोषितों को सस्ता और सुलभ न्याय मिल सकेगा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जब मुलायम सिंह मुख्यमंत्री थे तो मैं उनकी कैबिनेट में मंत्री था। जिन्होंने अधिवक्ताओं की पीड़ा को समझते हुए प्रदेश के सभी तहसीलों में बैठने के लिए हाल बनवाने का काम किया था। सांसद उज्जवल रमण सिंह ने तहसील परिसर में पेयजल संकट को देखते हुए कहा कि जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी से वार्ता कर डीप बोरिंग कराकर पेयजल मुहैया कराने का काम करूंगा। शपथ समारोह में मुख्य अतिथि उज्जवल रमण सिंह ने सबसे पहले नवनिर्वाचित अध्यक्ष राम बहादुर सिंह पटेल को शपथ दिलाई।


कार्यकम में सांसद उज्जवल रमण सिंह का स्वागत करते हुए

इसके बाद उप जिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह ने मंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ल को शपथ दिलाई। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने सभी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। शपथ समारोह को संबोधित कर उप जिलाधिकारी आकांक्षा सिंह ने कहा बार और बेंच सिर्फ शब्द में ही नहीं इसके संबंध को वास्तविक रूप में प्रयोग कर सकें यह हमारा प्रयास रहेगा। नई कार्यकारिणी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर लोगों को न्याय दिलाने का काम करूंगी।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष राम बहादुर सिंह पटेल ने कहा कि मुझे अधिवक्ता बंधुओ ने जो जिम्मेदारी दी है। पूरी निष्ठा से बार के हित में काम करूंगा। मैं ऐसा कोई काम नहीं करूंगा जिससे अधिवक्ताओं को ठेस पहुंचे। सभी अधिवक्ताओं के सुख-दुख में साथ खड़ा रहूंगा और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम करूंगा। शपथ समारोह को ग्राम न्यायालय के जज अभय दीप विश्वकर्मा, तहसीलदार विनोद बरनवाल, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कृष्ण बिहारी तिवारी मंत्री सुरेंद्र सिंह, मंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ल समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता प्रबंधक सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो अमर बहादुर सिंह व संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण मिश्र बाबा ने किया। शपथ समारोह में बार एसोसिएशन कोरांव के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंत्री, पूर्व कोषाध्यक्ष समेत निर्वाचन अधिकारियों में बाल गोविंद पांडेय, मोतीलाल कुशवाहा, महेंद्र प्रताप सिंह, डीके पटेल, ललन सिंह पटेल प्रमोद मिश्र पयासी, देवेंद्र सिंह पटेल, राव वीरेंद्र सिंह आदि भारी संख्या में तहसील के अधिवक्ता मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### प्रभु की कृपा भयउ सब काजू, जन्म हमार सुफल भा आजू



**जंघई।** चैत्र नवरात्रि की महाष्टमी के दिन भक्तों द्वारा मां महागौरी का पूजन अर्चन आरती किया गया। मां महागौरी धन, सुख, ऐश्वर्य की देवी हैं इनकी पूजा से समस्त सुख मिलते हैं। बौरी बोझ गांव में दुर्गा माता मंदिर पर सुप्रसिद्ध गायक कलाकार पवन सिंह रामायणी के संयोजन में शनिवार को श्रीराम चरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। नवरात्रि के आठवें दिन माता जगत जननी जगदंबे के आठवे स्वरूप मां महागौरी की पूजा आराधना किया गया नवरात्रि की दुर्गाष्टमी बहुत खास मानी जाती है इस दिन लोग कन्या पूजन, कुल देवी पूजन और संधि पूजा भी करते हैं. मान्यता है कि इस दिन महागौरी का पूजन करने से धन-ऐश्वर्य की कभी कमी नहीं होती है। मां दुर्गा की आठवीं शक्ति देवी महागौरी की पूजा में जामुनी या श्वेत वस्त्र धारण करके मंदिर में लाल ध्वजा लगाया जाता है। शुभ मुहूर्त में कुमकुम, रोली, चंदन, सिंदूर, मोगरे का फूल अर्पित किया गया। दुर्गा मंदिर में प्रतिदिन सुबह आरती पूजन अर्चन भक्तों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष स्वतंत्र सिंह, उपाध्यक्ष समर बहादुर सिंह, हरिनारायण सिंह, अपरपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, बृजेश सिंह, राजबहादुर सिंह, जोधराज सिंह मुन्ना, कमलेश सिंह, सुरेश सिंह मुन्ना, सुरेश सिंह चंदेल, मुकेश सिंह, तनय सिंह, साहिल सिंह, गोलू सिंह, सिद्धार्थ सिंह, वंश नारायण सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्ये त्रयंबिके गौरी नारायणी नमोस्तुते



**जंघई।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भक्तों द्वारा आदिशक्ति माँ राज राजेश्वरी दुर्गा माता मंदिर रधईपुर महरछा प्रांगण मे पूजन, अर्चन, आरती, देवी गीत, मांगलिक गीत, संगीत भजन आरती एवं धार्मिक उत्सव का आयोजन प्रतिदिन किया गया जिसमे माता रानी के विस्तृत वर्णन के साथ उनके विविध स्वरुपों की पूजा, अर्चना, आरती भक्तों द्वारा सुबह-शाम किया गया। प्रतिदिन सुबह से ही भक्तों का भीड़ होने लगती है सुबह शाम माता की आरती होती है शाम की आरती में काफी भीड़ होती है। आचार्य लालजी मिश्रा एवं आचार्य मनमोहन पांडेय द्वारा दुर्गा पाठ प्रतिदिन किया जाता है। वैदिक मंत्रों से माता भवानी की पूजा होती है मंदिर के संस्थापक राजमनि त्रिपाठी ने बताया कि मंदिर भक्तों के आस्था का केंद्र हो गया है। मंदिर के हर कार्यक्रम की देखभाल सुनील कुमार शुक्ला, दशरथ शुक्ला, सुनील तिवारी, अनिल तिवारी, निर्मल तिवारी, अशोक उपाध्याय, आशीष शुक्ला करते हैं।

### मन्दिर से चोरों ने साउंड मशीन किया चोरी, पुजारी ने दी तहरीर

**मऊआइमा।** नवरात्रि में मन्दिर में चल रहे राम कथा और रामायण बीती रात जब बंद हो गया तो पुजारी ने देखा कि नई साउंड मशीन चोरी हो गई। मन्दिर के पुजारी ने थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहन का पूरा (घीनपुर) निवासी जमवन्त दास उर्फ मकइहा बाबा अपने घर के सामने प्राचीन शिव मन्दिर में नव रात्रि से रामकथा और रामायण का कार्यक्रम चला रहे हैं।बाबा जमवन्त दास उर्फ मकइहा बाबा का कहना है कि रविवार को मन्दिर में सार्वजनिक भंडारा का आयोजन किया गया है।बाबा के अनुसार बीती रात 12 बजे से तीन बजे के बीच अज्ञात चोरों ने नई साउंड मशीन जिसकी कीमत बारह हजार थी।उसे चोरी कर ले गए। मन्दिर के पुजारी जमवन्त दास उर्फ मकइहा बाबा ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।


शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना देने पहुंचे सपाई

## सपा के प्रदेश अध्यक्ष ने बाबा राम रतन पाल को दी श्रद्धांजलि व्यक्त किया शोक

**सहसों।** खोदायपुर गांव निवासी बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता बाबा राम रतन पाल का गत दिनों सड़क हादसे में निधन हो गया था। उनके निधन की जानकारी होने पर शनिवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतृप्त परिजनों को सांत्वना देते ढांढस बंधाया। इस अवसर पर उन्होंने 2 मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर सपा प्रदेश अध्यक्ष ने घर की बड़ी बुजुर्ग महिलाओं से मिलकर सांत्वना दी। उन्होंने कहा बाबा रामजतन पाल समाज के हित चिंतक सजग प्रहरी के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भाग लेने वाले तथा सभी के सुख-दुख में भागीदारी करने वाले कर्मठ नेता थे। उनके निधन से समाज की अपूर्णीय क्षति हुई है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अनिल यादव, राम सुमेरपाल, राम अवधपाल, अनिरुद्ध पाल राम प्रताप पाल, कमल चंद्र यादव, मोहम्मद शकील इस्माइल धारा चंद्र भारतीय, सर्वजीत पाल सहित भारी संख्या में लोगो सच्ची श्रद्धांजलि देते उपस्थित रहे।

## करछना संपूर्ण समाधान दिवस पर समस्या निस्तारण के बजाय मोबाइल पर गेम खेलते दिखे अधिकारी

- गेम खेलते वीडियो वायरल होते अधिकारी के खिलाफ एसडीएम ने की कारवाई

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** तहसील परिसर में शासन के मंशा के अनुरूप शनिवार को उप जिलाधिकारी तपन कुमार मिश्रा के अगुवाई में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। हैरान करने वाली बात यह रही की बीते कई संपूर्ण समाधान दिवस पर क्षेत्र से आने वाले फरियादियों के द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई जाती है। लेकिन संपूर्ण समाधान दिवस जैसे मौके पर एक भी शिकायती पत्र का समाधान नहीं हो पता। समाधान दिवस पर जनसुनवाई करने पहुंचे ज्यादातर अधिकारी फरियादियों की समस्या सुनने के बजाय


संपूर्ण समाधान दिवस पर मोबाइल में व्यस्त अधिकारी

मोबाइल फोन पर गेम खेलने तथा चैट में मस्त रहते हैं। इससे बार-बार समाधान दिवस का चक्कर काटने वाले फरियादियों के लिए अब यह समाधान दिवस मजाक बन कर रह गया है। शनिवार को 133 शिकायतें दर्ज कराई गई लेकिन मौके पर एक भी शिकायती पत्र का समाधान नहीं हो सका। जिसमें सबसे अधिक राजस्व से संबंधित शिकायतें रही? वहीं एसडीएम तपन कुमार मिश्रा ने संबंधित शिकायतों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारण किए जाने का दिशा-निर्देश दिए।

## करछना में तीन किसानों की गेंहू की फसल जलकर हुई राख


आग में जलकर राख हुई गेहूं की फसल

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** तहसील के अंतर्गत हरदुआ गांव निवासी तीन किसानों की फसल खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से जलकर खाक हो गई आग लगने की जानकारी होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने आग बुझाने का भर्षक प्रयास किया फायर स्टेशन को सूचना दी गई थी विलंब से पहुंचने पर तब तक तीन किसने की फसल जलकर पूरी तरह राख हो चुकी थी जानकारी के मुताबिक राजनारायण द्विदी , मनी नारायण द्विदी,जगत नारायण द्विवेदी पुत्र जानकी प्रसाद निवासी तहसील क्षेत्र हरदुआ है जिनके खेत मौजा तिलखवार में अपने खेत में गेहूं की फसल बोई गई थी अचानक संदिग्ध परिस्थितियों गेंहू की फसल में आग लग गई आग की लपटे देख आसपास के किसानों आग बुझाने में बड़ी मस्कत से आग पर काबू पाया तब तक तीन किसानों की फसल जल कर राख हो गई, आग पर काबू पाने के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड गाड़ी खानापूर्ति कर वापस चली गई पीड़ित किसानों के मुताबिक ढाईबीघे की फसल जल जाने से हजारों का नूकसान हों गया और गेहूं की फसल जल जाने से जहां घर में आजीविका पर असर पड़ेगा वहीं मवेशियों को चारे की भी किल्लत उत्पन्न हो गई है।




## स्कूल चलो अभियान रैली निकाल कर किया गया जागरूक

**सहसों।** सरकार द्वारा दिशा निर्देशित परिषदीय विद्यालय के अध्यापक एवं बच्चों द्वारा स्कूल चलो अभियान रैली निकालकर अभिभावकों एवं ग्रामीणों को अपने अपने बच्चों को स्कूल में नए दाखिले के लिए जागरुक करते प्रेरित किया जा रहा है। शनिवार को विकासखंड बहादुरपुर के मेड़ुवा ग्राम सभा के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों ने ग्राम प्रधान अमित यादव एवं प्रधानाचार्य मानसिंह यादव की अगुवाई में स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। रैली को पूरे गांव में भ्रमण कराते ग्रामीण एवं अभिभावकों को अपने अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने एवं स्कूल भेजने के लिए संदेश देते जागरुक करते हुए प्रेरित किया गया। रैली में प्रमुख रूप से सहायक अध्यापक बीना गुलेरी, शोभित सिंह, शिक्षामित्र शारदा सिंह, कोटेदार शंभू यादव, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आभा सिंह, गीता सिंह, सर्जन सिंह, सहित कामरेड धर्मेंद्र यादव, लुल्लू , भोला, मुकेश यादव, गजराज सिंह, विजय सिंह, राजेंद्र प्रसाद आदि शामिल रहते उपस्थित रहे।

## बारा सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 187 शिकायती प्रार्थना पत्र आए , निस्तारण एक भी नही

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** बारा सम्पूर्ण समाधान दिवस परगनाधिकारी बारा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कुल 187 शिकायती पत्र दूर दूर के गांवो से आए फरियादी अपनी समस्या को लेकर समाधान दिवस पर दिए सबसे ज्यादा राजस्व विभाग 93 पुलिस 26 विकास 36 विद्युत 11 सड़क 05 स्वास्थ्य 01 आबकारी 03 नलकूप 01 जलनिगम 05 वन विभाग 01 खाद्य रसद 06 समाज कल्याण 01 खनन 01 सिचाई 01 नगर विकास 01,सभी शिकायती पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को दे दिया गया। सबसे ज्यादा राजस्व के मामला में जमीनी मुद्दा दिवस पर चलता रहा किसी गाँव का चक मार्ग कब्जा को लेकर तो किसी गाँव मे सरकारी जमीन कब्जा। इस पर परगनाधिकारी ने स्पस्ट कहा कि जितनी भी शिकायत आई है जल्द इसका निस्तारण करें।



संपूर्ण समाधान दिवस पर उमड़ी फरियादियों की भीड़

इस मौके पर एसीपी बारा, तहसीलदार बारा, नायब तहसीलदार बारा शंकरगढ़, सीएचसी अधीक्षक जसरा, बीडीओ जसरा, बीडीओ शंकरगढ़, बिजली विभाग, सड़क, जलनिगम, नहर, वन विभाग सहित सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नैनी में यमुनापार विकास मंच का गठन हुआ




**नैनी।** नैनी यमुनापार विकास मंच का गठन किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मा० शेखर बहुगुणा उपस्थित थे, जिसमें बहुगुणा ने कहा कि यमुनापार में जितनी भी कंपनी बंद पड़ी है, उसको चलाया जाए, इसके लिए हम आंदोलन करेंगे। उक्त बैठक 5 वीं चकदोंदी, नैनी, सुरेश वर्मा के आवास में प्रधान कार्यालय के रूप में सर्वसम्मति से घोषित किया गया। इस मौके पर अन्य समाज सेवकों ने अपनी बात रखी, जिसमें मुख्य रूप से नयन कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, निर्भय दुबे, उदयराज कुशवाहा, धीरेन्द्र यादव, अंकित पांडेय, राज कुमार कुशवाहा, अमित पांडेय, रमेश कुशवाहा ने किया। बैठक देर रात तक चली।अंत में सर्व सम्मत से सुरेश वर्मा को जिलाध्यक्ष चुना गया। बैठक की संचालन राकेश श्रीवास्तव ने किया।

## वार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बिखेरे जलवे

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** यूनिक पब्लिक स्कूल एवं विकास इंटर कॉलेज इंग्लिश मीडियम सहसों का संयुक्त रूप में शनिवार को वार्षिकोत्सव समारोह एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डीपी पाल डिप्टी सेक्रेटरी यूपी पब्लिक सर्विस कमीशन एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अजय भारती प्रोफेसर मोतीलाल नेहरू रीजनल इंजीनियरिंग कॉलेज प्रयागराज ने समारोह को संबोधित करते हुए बच्चों से कहा कि शिक्षा बच्चों की सर्वांगीण विकास की मुख्य धारा है। शिक्षा से गुरुजनों का सम्मान एवं देश व समाज का विकास निहित है। शिक्षा से ही देश के युवा डॉक्टर इंजीनियर साइंटिस्ट बनकर मानव सेवा करते हुए चंद्रमा पर पहुंचकर मानव जीवन की खोज कर रहे हैं। हम सभी के लिए साइंटिस्ट सुनीता विलियम्स एक नजीर हैं। इस अवसर पर समारोह में विद्यालय के होनहार एवं प्रतिभावान बच्चों ने अपनी कला एवं क्षमता का जलवा बिखेरते हुए परिचय दिया। कार्यक्रम में बच्चों ने सरस्वती वंदना, झांसी की रानी का एकांकी, स्वागत गीत, पर्यावरण संरक्षण आदि कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुति करते हुए जलवे बिखेरे एवं अतिथियों तथा आदि गणमान्य व्यक्तियों का मन मोहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक एवं प्रबंधक डॉक्टर जगन्नाथ पाल ने सभी के प्रति आभार जताया एवं प्रधानाचार्य अरविंद चतुर्वेदी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विनोद मिश्रा, वीणा मिश्रा, रजत सिंह, पीके राय, लाल बहादुर, कमलेश कुमारी, अन्नया कुशवाहा सहित विद्यालय के आदि शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं अभिभावक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




## मनोज केसरवानी अध्यक्ष व अमानउल्लाह बने महामंत्री



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** विकासखंड कौंधियारा के सभागार में ब्लॉक के कर्मचारियों की कार्यकारिणी का गठन हुआ। बैठक में मनोज केसरवानी अध्यक्ष, अमानउल्लाह महामंत्री, विनीत पाठक कोषाध्यक्ष, सत्यराम यादव ऑडिटर एवं आदेश शर्मा को प्रवक्ता पद पर मनोनीत हुए। बीडीओ कौंधियारा सुभाष चंद्र ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। बैठक के दौरान एडीओ पंचायत प्रेमचंद सिंह, एडीओ कोऑपरेटिव अशोक सिंह, अवनीश पटेल, दरबारी लाल, इन्द्रबहादुर सिंह, कृष्ण श्रीवास्तव सहित अन्य सभी ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट में जस्टिस यशवंत वर्मा ने ली शपथ

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** दिल्ली हाईकोर्ट से ट्रांसफर होकर आए जज यशवंत वर्मा ने शनिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश के चैंबर में उन्हें शपथ दिलाई गई। हालांकि उन्हें अभी कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है। जब तक उनके खिलाफ चल रही जांच पूरी नहीं हो जाती, उन्हें न्यायिक कार्यों से दूर रखा गया है।

शपथ के बाद हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की वरिष्ठता सूची में उनका नाम भी शामिल हो गया है। सूची में जस्टिस वर्मा का नाम 8वें नंबर पर है। आमतौर पर जहां जजों की शपथ सार्वजनिक समारोह में होती है, वहीं जस्टिस वर्मा ने उखक की इजाजत से अपने चैंबर में ही शपथ ली।वकीलों ने शपथ ग्रहण पर जताई नाराजगी। उधर, इलाहाबाद हाईकोर्ट की बार एसोसिएशन ने चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर जस्टिस यशवंत वर्मा के शपथ ग्रहण का विरोध किया। एसोसिएशन के सचिव विक्रांत पांडेय की तरफ से लिखे इस पत्र में कहा गया है कि जस्टिस यशवंत वर्मा को शपथ ग्रहण कराने से पहले बार एसोसिएशन को बताया नहीं गया।

यहां तक कि हाईकोर्ट के ज्यादातर जजों को भी शपथ ग्रहण की सूचना नहीं दी गई। इस तरह का शपथ ग्रहण अस्वीकार है। बार एसोसिएशन इसकी निंदा करता है। चीफ जस्टिस इलाहाबाद हाईकोर्ट से मांग की गई कि जस्टिस यशवंत वर्मा को कोई भी न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्य न सौंपें।

आज के इस पत्र की कॉपी प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, कानून मंत्री, यूपी के मुख्यमंत्री और लखनऊ बेंच के सभी न्यायाधीश को भेजी गई है। बता दे कि 14 मार्च को जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर आग लग गई थी। आग बुझाने पहुंचे दमकल कर्मियों को यशवंत वर्मा के घर के स्टोर रूम से करोड़ों रुपए के जले नोट मिले थे। इसके वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुए थे। घटना वाले दिन जज यशवंत वर्मा भोपाल में थे और अगले दिन दिल्ली पहुंच गए थे।

### ट्रांसफर के विरोध में वकीलों ने की थी हड़ताल

सुप्रीम कोर्ट ने कार्रवाई करते हुए जज यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट भेज दिया था। उनके ट्रांसफर का इलाहाबाद बार एसोसिएशन ने विरोध करते हुए हड़ताल का ऐलान कर दिया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और दिल्ली में कानून मंत्री से मुलाकात की थी। उसके बाद आम लोगों के हित में हड़ताल वापस ले ली गई थी। हालांकि वकीलों के विरोध के बाद भी जज का इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया था।

# नशा मुक्ति केन्द्र हग्स लाइफ हॉलिस्टिक की मुहीम, शिक्षा द्वारा अवैध नशे की लत एवं तस्करी का समाधान

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** पिछले अनेक वर्षों से जिले में नशे की लत की कुरीति के खिलाफ शिक्षा द्वारा जागृति से उत्थान की और कदम बढ़ाता एक मात्र सन्स्थान हग्स लाइफ हॉलिस्टिक नशा मुक्ति केन्द्र ने अब उत्तरी भारत में जिले और प्रदेश स्तर, देहली एनसीआर से पहल करते हुए, गौतम बुद्ध नगर कारावास में बन्दियों से लेकर अधिकारियों तक जहाँ, अपर जिला जज, सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण, डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्सक अधिकारियों के समक्ष, इस नशे की लत और तस्करी के रोकथाम में पुख्ता तौर पर स्वयम को स्थापित करते हुए हाल ही में गौतम बुद्ध नगर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को विशेष रूप से अवैध नशे की लत और तस्करी के विरुद्ध ठोस कदम उठाने की दिशा में न केवल सर्वप्रथम स्वयम को अग्रसर किया है बल्कि जिला कारागार और साथ ही राजकीय बाल सम्प्रेक्षण ग्रह में नशे के विषय में कार्यक्रम करके जो पहल की है, उस से शासन प्रशासन को भी साथ जोड़ते हुए यह साबित किया है कि समाज में नशे की लत की विषैली महामारी और तस्करी के रोकथाम में आम नागरिकों को भी एक कड़ी की तरह साथ जोड़ते हुए जनता और शासन प्रशासन की एकाग्रता में एक सूत्र होकर इस जंग में विजय पानी है। वहीं नशा मुक्ति केन्द्र हग्स लाइफ हॉलिस्टिक के युवा संस्थापक लवलिट पीर ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती ऋचा उपाध्याय की अध्यक्षता में सन्स्थान हग्स लाइफ हॉलिस्टिक द्वारा जिला कारागार एवं जिला बाल सुधार गृह में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत आयोजित नशा उन्मूलन कार्यक्रमों की अग्रिम रुपरेखा की भेंटवार्ता के दौरान जिले में उनके समाजोत्थान में योगदान की बधाई देते हुए उनके मथुरा जिला न्यायालय में स्थानांतरण की शुभकामनाएं दी और समूचे उत्तर प्रदेश के जिला कारागारों में नशा उन्मूलन के कार्यक्रमों की रणनीति साँझा करते हुए सन्स्थान अध्यक्ष लवलिट पीर ने लोकतंत्र के चौथे सतम्भ मीडिया, और सम्बंधित टीम का आभार व्यक्त किया, आम जन मानस से लेकर शासन प्रशासन तक सन्स्थान 'हग्स लाइफ हॉलिस्टिक' की नशा उन्मूलन की जिले में व्यापक गूँज के लिए।



जिला कारागार एवं बाल सुधार गृह में नशा उन्मूलन के प्रति जागरूक करते हुए

# ट्रेन पलटाने की साजिश : ट्रैक पर लोहे का पोल देखकर मालगाड़ी के लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया



**प्रयागराज।** प्रयागराज से लखनऊ जाने वाली रेलवे ट्रैक पर ट्रेन को पलटाने की साजिश नाकाम हो गई। शनिवार की भोर में लखनऊ रूट पर फाफामऊ और अटरामपुर रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन को पलटाने की साजिश नाकाम हो गई। रेलवे को जांच में ट्रैक पर लोहे का पोल मिला। हालांकि लोको पायलट की सतर्कता के कारण बड़ा हादसा होने से बच गया। लोको पायलट ने मालगाड़ी को रोकने के बाद मामले की जानकारी रेलवे के अधिकारियों को दी।

प्रयागराज से शनिवार की सुबह मालगाड़ी ऊंचाहार की तरफ जा रही थी। मालगाड़ी के लोको पायलट संयोग शर्मा ने रेलवे ट्रैक पर अचानक लोहे का पोल देखा तो उन्होंने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। इसके बाद ट्रेन के मैनेजर प्रवीण की मौजूदगी में वहां से पोल हटाया गया। इसके बाद पूरे मामले की जानकारी लखनऊ मंडल के कंट्रोल रूम को दी गई। इसके बाद सहायक उप निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल फाफामऊ मौके पर पहुंचे। रेलवे के अधिकारियों को कहना है कि इस मामले की जांच की जा रही है।

फाफामऊ और अटरामपुर रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर लोहे का पोल मिलने के बाद रेलवे महकमे में खलबली मच गई। आरपीएफ के कई अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आरपीएफ की टीम ने जांच शुरू कर दी है। रेलवे ट्रैक के आस-पास के घरों की में रहने वालों से भी आरपीएफ पूछताछ कर रही है। वहीं रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा जाएगा। वहीं रेलवे की तरफ से रेलवे सुरक्षा बल प्रयाग के क्षेत्राधिकार केअंतर्गत आउट पोस्ट फाफामऊ में अपराध संख्या 48/2025 व/र 153 रेलवे एक्ट र/श के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# लेफ्टिनेंट कर्नल पद से सेवा पूर्ण कर गांव वापस आने से लोगों ने किया स्वागत

**नैनी।** नैनी भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल पद से सेवा पूर्ण करने के बाद नैनी वार्ड 40 के निवासी के0 के0 सिंह नैनी आपने जन्मभूमि वापस लौटे उनके लौटने पर वार्ड 40 के पार्षद पवन यादव के साथ मनोज सिंह, योगेश सिंह, जयप्रकाश यादव के साथ स्थानीय सैकड़ो लोगो ने गर्मजोशी के साथ माला पहना कर स्वागत किया और ढोल तासे के साथ शनि मंदिर से उनके घर तक ले जाया गया जहाँ स्थानीय लोगो ने मिठाई खिलाकर कर उनकी राष्ट्र सेवा के लिए उनका धन्यवाद किया।

# हाईकोर्ट वकीलों ने किया सांध्यकालीन अदालत चलाने का विरोध

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने शनिवार को बैठक करके प्रदेश की जिला अदालतों में सांध्यकालीन अदालत चलाने के प्रस्ताव का विरोध किया और इस योजना को न केवल अव्यावहारिक बल्कि मानव प्रकृति के खिलाफ करार दिया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि वह किसी भी स्थिति में इस आदेश नहीं मानेगे और इसका विरोध जारी रखेंगे।

संध्याकालीन अदलात के निर्णय के बाद अधिवक्ताओं ने कहा कि सुबह 10 बजे से शाम चार बजे व शाम पांच बजे से रात नौ बजे तक अदालत चलाने से अधिवक्ताओं पर मानसिक दबाव पड़ेगा। वह मुकद्मों की तैयारी नहीं कर सकेंगे, जिससे न्यायिक फैसलों की गुणवत्ता प्रभावित होगी। हाईकोर्ट के कामन रूम में हुई अधिवक्ताओं की बैठक की अध्यक्षता मृत्युंजय तिवारी ने की। इन्होंने कहा अदालतों में भारी संख्या में पद खाली है,जो अदालतें काम कर रही है उनमें से कुछ अदालतें समय से नहीं बैठती और समय से पहले उठ जाती है। सांध्य कालीन अदालत के बजाय कार्यरत अदालतों को ही नियमानुसार संचालित किया जाय। बैठक में राम प्रकाश सिंह, अमित कुमार दुबे, दुर्गेश तिवारी, पुष्कर मिश्र, सुरेन्द्र शुक्ल, आशीष श्रीवास्तव, रमेश चंद्र शुक्ल, जय प्रकाश राय, सुमित केसरवानी, नरेंद्र कुमार चटर्जी, दिनेश कुमार मिश्र,आदि शामिल थे।

### निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन 10 को

**प्रयागराज।** आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत राजकीय होम्योपैथिक जिला अस्पताल के सौजन्य से राजकीय मोतीलाल नेहरू मण्डलीय चिकित्सालय (काल्विन), प्रयागराज के परिसर में दिनांक 10 अप्रैल को सुबह 08: बजे से अपरान्हन 03: बजे तक निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया हैं। यह जानकारी जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ0 सीमा अग्रवाल ने दी है।

# शिक्षक घर घर जाकर बच्चों को नामांकन के लिए प्रेरित कर वृद्धि का लक्ष्य करें पूरा : राजमणि कोल

- बीआरसी मेजा में स्कूल चलो अभियान के तहत कंपोजिट और प्राथमिक विद्यालयों के छात्र छात्राओं की निकली गई रैली -
- रैली के दौरान एक भी बच्चा छूटा संकल्प हमारा टूटा का नारा लगाते हाथों तख्ती लिए बच्चे पूरे मेजा बाजार में किया भ्रमण

अखंड भारत संदेश




**मेजा।** बीआरसी मेजा के कंपोजिट विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गई। इस अभियान की शुरूआत विधायक कोरांव राजमणि कोल और खंड शिक्षा अधिकारी मेजा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान पूरे बाजार में एक भी बच्चा छूटा संकल्प हमारा टूटा का नारा लगाते हाथों में तख्ती लेकर बच्चों के साथ तहसील मुख्यालय ,थाना एवं मेजा कस्बा बाजार होते हुए पूरे उत्साह और गाजे बाजे के साथ रैली निकाली गई। रैली में बच्चों के अतिरिक्त शिक्षक शिक्षिकायें और अभिभावक भी मौजूद रहे।

रैली के पूर्व विधायक राजमणि कोल ने प्राथमिक विद्यालय तेंदुआ कलां के छात्रों को पुस्तक और रिजल्ट वितरित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने सरकारी विद्यालयों को सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। कायाकल्प के माध्यम से प्राइवेट से अच्छी व्यवस्था अब सरकारी स्कूलों के पास है। इस लिए अब अभिभावक बच्चों को नियमित स्कूल भेजें जिससे मेरे जैसे गरीब आदिवासी परिवार की भांति आपके बच्चे भी विधायक, एसडीएम और शिक्षक बन सकें। इस दौरान विधायक कोरांव ने तेंदुआ कला के प्रधानाध्यापक सीरत नसीम वास्ती के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए उन्हें और उनके स्टाफ को सम्मानित किया। इसी क्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह ने कहा कि 1 से 15 अप्रैल तक स्कूल चलो अभियान के अंर्तगत शिक्षक घर घर जाकर बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित कर नामांकन में बृद्धि के लक्ष्य को पूरा करें। प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष मनीष तिवारी ने सभी अभिभावकों से रैली के माध्यम से अपने बच्चों का नामांकन निकट के परिषदीय विद्यालयों में अवश्य कराने की अपील किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कोरांव हरेकृष्ण दुबे (बबुआन), ग्राम प्रधान राजेश पाल, अवनीश मिश्र, संदीप तिवारी, सुनील तिवारी, अनामिका पांडेय, रागिनी वर्मा, कमला शंकर यादव, रोहित तिवारी, मुदित विशाल, संदीप शर्मा, आशीष चौधरी, विनय दुबे, अखिलेश, रविन्द्र मोहन, अनिल दुबे, प्रवीण, रामशंकर पांडेय, अशोक तिवारी तथा रेणुका उपाध्याय सहित सैंकड़ों शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों की मौजूदगी प्रमुख रूप से रही।

### आज के समय में राजनीति में आई भारी गिरावट : उज्जवल रमण

**मांडा।** आज के समय में राजनीति में भारी गिरावट आ गई। जो चिंता का विषय है। पहले रेलवे दुर्घटना में किसी की मृत्यु हो जाती हैं तो मंत्री अपना इस्तीफा लगा दिया करते थे। लेकिन राजनीति की तृष्टि करण के चलते धीरे धीरे इसका अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। उक्त बाते मांडा क्षेत्र गिरधरपुर पहड़ी पर स्थित लाल बहादुर शास्त्री पोल्टेकनिक के स्थापना दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शास्त्री भले ही छोटे कद के थे लेकिन कार्य बहुत बड़े बड़े किए जो आज के युवाओं को उनसे सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद संस्था के प्रबंधक चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह लाल बहादुर शास्त्री के जीवनी पर प्रकाश डाला। वही अनिल शास्त्री ने शास्त्री जी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पोल्टेकनिक कालेज प्रधानाचार्य सहित अन्य अध्यापकों की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरीके क्षेत्र के गरीब व शोषित वर्ग के छात्र कालेज में बढ़ोत्तरी हुई है काफी काबिले तारीफ है। मौके पर रजनीश उपाध्याय, भार्गव प्रकाश मौर्य, सुनील कुमार पांडेय, श्याम कृष्ण यादव, विनय कुमार कुशवाहा, अनिल पाण्डेय, नसरत खा, सुशील चतुवेर्दी, प्रेम शंकर पटेल सहित आदी लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम व एसीपी मेजा की संयुक्त अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न



**मेजा।** शनिवार को एसडीएम मेजा दशरथ कुमार व सहायक पुलिस आयुक्त मेजा रविकुमार गुप्ता की संयुक्त अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ।इस दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत प्रार्थना पत्र लेकर अधिकारियों के टेबल पर गये उनके द्वारा बड़ी ही सहजता से सुना गया और शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।इस दौरान समाधान दिवस में कुल 262 प्रार्थना पत्र आये जिमसें राजस्व विभाग से जुड़ी 110 पुलिस से जुड़ी 35 विकास विभाग से 31शिक्षा विभाग से1 तथा अन्य विभागों से 85 प्रार्थना पत्र आयी।जानकारी के अनुसार राजस्व से जुड़े 11 प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही निस्तारण कराया गया।इसी बीच मेजा बार एसोशिएशन के अध्यक्ष देवानंद सिंह पूर्व अध्यक्ष जटाशंकर शुक्ला एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार शुक्ला, नीरज तिवारी नितिन तिवारी सहित दर्जनों अधिवक्ता के साथ तहसील दिवस में खराब आरओ वाटर मशीन की समस्याओं के सम्बंध में एसडीएम मेजा को मौखिक शिकायत की उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र चालू कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।साथ ही दिवस पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि शेष शिकायतों को पारदर्शिता के साथ समय से निस्तारण किये जाना का फरमान भी दिया।जन शिकायतों को सुनने एवं निस्तारण में तहसीलदार मेजा आकांक्षा मिश्रा, नायब लालतारा राजेन्द्र सिंह, नायब माण्डा आर के वर्मा, वीडीओ मेजा, सप्लाई अधिकारी रमाकांत तिवारी, राजस्व निरीक्षक राज बहादुर सिंह राजस्व निरीक्षक अभ्यक्तानंन्द स्थानीय पुलिस के साथ सभी विभागों के अधिकारियों ने सहयोग दिया।

# रोवर्स एवं रेंजर्स छात्र-छात्राओं द्वारा विपरीत परिस्थितियों में भोजन निर्माण की एक प्रभावशाली प्रस्तुति दी




**नैनी।** नैनी हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी में चल रहे रोवर्स-रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन रोवर्स एवं रेंजर्स छात्र छात्राओं द्वारा विपरीत परिस्थितियों में भोजन निर्माण की एक प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। यह प्रशिक्षण शिविर रोवर्स प्रभारी डॉ. दीपक, रेंजर्स प्रभारी डॉ. मीनाक्षी राठौर, तथा भारत स्काउट और गाइड से पधारे रोवर लीडर ट्रेनर के. सी. श्रीवास्तव एवं रेंजर लीडर ट्रेनर उषा कुशवाहा के कुशल मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। शिविर में छात्र-छात्राओं की छह टोलियों ने न केवल भोजन बनाने एवं प्रस्तुत करने की कला सीखी, बल्कि स्वागत-संस्कार, विभिन्न प्रकार की गांठें एवं बंधन, तथा प्राथमिक उपचार के व्यावहारिक तरीके भी सीखे। प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त संयुक्त शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) प्रो. हीरेंद्र प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वर्तमान संयुक्त शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) प्रो. शशि कपूर मैडम तथा रागिनी सिंह मैडम उपस्थित रहीं।मुख्य अतिथि प्रो. हीरेंद्र प्रताप सिंह ने छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण में पूर्ण मनोयोग से भाग लेने तथा सीखे गए अभ्यासों को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि प्रो. शशि कपूर ने अपने उद्बोधन में रोवर-रेंजर होने के वास्तविक अर्थ को समझाया और प्रतिभागियों को पारस्परिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से सीखने की प्रेरणा दी। शिविर के प्रशिक्षक के. सी. श्रीवास्तव ने अब तक की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया एवं आगामी दो दिनों की रूपरेखा भी साझा की। रेंजर्स प्रभारी डॉ. मीनाक्षी राठौर ने जानकारी दी कि इस शिविर में रोवर्स-रेंजर्स के 'प्रवेश' एवं 'निपुण' सोपानों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह शिविर 06 अप्रैल तक चलेगा। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मंजुलता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं को सामूहिक सद्भाव, नेतृत्व क्षमता एवं सेवा भावना के विकास हेतु इस प्रशिक्षण शिविर का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकांश प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# एसबीएसएन एंड श्रीनाथ इंका के बच्चे एक दिन बनेंगे आईएएस व जज - न्यायमूर्ति मंजूरानी

- मेजा के खानपुर में संचालित श्रीनाथ इं का एंड एसबीएसएन कालेज में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश




**मेजा।** श्रीनाथ तिवारी इंटर कॉलेज खानपुर और एसबीएसएन कालेज खानपुर का वार्षिक समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय प्रयागराज की न्यायमूर्ति श्रीमती मंजूरानी चौहान रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने वाला यह विद्यालय बहुत ही सराहनीय है न्यायमूर्ति श्रीमती चौहान ने विद्यालय के बालक बालिकाओं द्वारा किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए विद्यालय के प्रबंधक और बच्चों की जमकर तारीफ किया। श्रीमती चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में संचालित इस विद्यालय से एक दिन बच्चे आईएएस, पीसीएस और जज जरूर बनेंगे,जो विद्यालय के साथ साथ अपने परिवार का गौरव बढ़ाएंगे। ऐसा मुझे प्रतीत हो रहा है, उन्होंने आगे कहा कि इस विद्यालय के बच्चों द्वारा बहुत सराहनीय कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, यह बच्चे हैं देश के भविष्य हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र का ऐसा अकेला विद्यालय है जो कि इस तरह का कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहा है विद्यालय के बच्चों को शिक्षकों ने आगे बढ़ाने में बड़ा ही महत्वपूर्ण कार्य किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अपर महाधिवक्ता शैलेंद्र द्विवेदी ने कहा कि यहां विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में बहुत ही अच्छा कार्य कर रहा है भविष्य में इस विद्यालय का नाम पूरे प्रदेश में होगा। कार्यक्रम के संयोजक आशुतोष त्रिपाठी अधिवक्ता ने सभी का आभार प्रकट किया। विद्यालय के प्रबंधक द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में लोक सेवा आयोग के सदस्य कल्पराज सिंह ने भी बच्चों को धन्यवाद दिया और उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक पंकज तिवारी, प्रधानाचार्य प्रवीण तिवारी एडवोकेट, अब्दुल रहमान प्रिंसिपल, एसबीएसएन सुरेश निषाद, शुभम द्विवेदी, विष्णु दत्त द्विवेदी, फ्री साइलेंट तिवारी एडवोकेट हाई कोर्ट, मनु लाल यादव, प्रकाश तिवारी, श्रीमती शिखा तिवारी, सौम्या, निधि, अनुष्का, प्रिया तिवारी, शिल्पा शुक्ला, मानसी तथा पूनम, आदि के अलावा कई अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

# शिक्षित व संगठित हों , संघर्ष करें सम्राट अशोक के पदचिह्नों पर चलें: जसवंत सिंह सैनी

## अशरफ पुर मरधरा और ओसा में धूम धाम से मनाई गई चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान जयंती








**अझुवा कौशाम्बी** सम्राट अशोक सेना के तत्वाधान में महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती शनिवार को कौशांबी जनपद के अशोक नगर मरधरा गांव में हर्ष उल्लास के साथ भव्य रूप से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने डिस्ट्रिक्ट कॉपरेटिव बैंक प्रयागराज कौशांबी अध्यक्ष शिव मोहन मौर्य के साथ सम्राट अशोक की विशाल लॉट पर पुष्प अर्पित किए गए साथ ही भंते द्वारा तथागत गौतम बुध महात्मा ज्योतिबा फुले,बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के तैल चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर तथा चरणों में पुष्प अर्पित किया गया तत्पश्चात भंते द्वारा बुद्ध वंदना कर उपस्थित लोगों को धम्म देशना दी गई ।कार्यक्रम में तमाम वक्ताओं ने अपने विचार रखे हैं पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा नोट में 2 ही अक्श दिखते हैं एक सम्राट अशोक की लॉट दूसरी गांधी जी की मूर्ति जिसे लोग चूमकर माथे से लगाते हैं , हम जिस वंश से आते हैं उनको भूलना नहीं चाहिए शिवमोहन मौर्य बधाई के पात्र हैं जो प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम विशाल और भव्य रूप से मनाते हैं।मुख्य अतिथि जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक भारतीय मौर्य राजवंश के महान सम्राट थे। इनका कार्यकाल ईसा पूर्व 268 से 232 ईसवी तक रहा। सम्राट अशोक ने उत्तर में हिदू कुश तक्षशिला की श्रेणियों से लेकर दक्षिण में गोदावरी नदी सुवर्ण गिरी पहाड़ी के दक्षिण में मैसूर तक तथा पूरब में बांग्लादेश पाटलिपुत्र से पश्चिम में अफगानिस्तान ईरान बलूचिस्तान तक अपनी सत्ता कायम की थी।समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक विश्व के महानतम सम्राटों में से एक थे। सम्राट अशोक को बेहतर कुशल शासन प्रणाली के लिए जाना जाता है।वे अखंड भारत के निमार्ता थे। वर्तमान में भी विश्व के कई देशों ने उनकी शासन प्रणाली को अपनाया है। सम्राट अशोक सत्य, अहिंसा, प्रेम, सहिष्णुता, शांति व शाकाहारी जीवन प्रणाली के पक्षधर थे। कलिंग युद्ध में नरसंहार से द्रवित होकर सम्राट अशोक ने शांति, सामाजिक प्रगति एवं धर्म का प्रचार किया।मंच का संचालन कवि/ शायर मनोज कुशवाहा मृदुल ने किया कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजक डिस्ट्रिक कॉपरेटिव बैंक प्रयागराज/कौशांबी अध्यक्ष शिवमोहन मौर्य ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया इस अवसर पर अशोक कुमार मौर्य राष्ट्रीय संगठन मंत्री सम्राट अशोक सेना,भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्म राज मौर्य ,पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता,राजेंद्र प्रसाद,राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य,नगर पालिका भरवारी अध्यक्षा कविता पासी,नगर पंचायत अझुवा अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा,शिव प्रताप उर्फ रिंकू मौर्य,मौर्य बंधुत्व क्लब प्रदेश महिला अध्यक्ष शिप्रा मौर्य,रामनरेश मौर्य पूर्व जिला पंचायत सदस्य,आलोक कुशवाहा,राहुल कुशवाहा, शानू कुशवाहा,अनुज मौर्य,संजय मौर्य,भोले शंकर कुशवाहा रामनरेश पासी,गोपी मौर्य प्रधान,रमेश मौर्य पूर्व प्रधान पन्नोई,बब्बू मौर्य, कुशवाहा महासभा कौशांबी अध्यक्ष अमृत लाल मौर्य,सुभाष मौर्य सहित सैकड़ों सम्मानित जनप्रतिनिधि व हजारों सम्राट अशोक समर्थक मौजूद रहे हैं।इसी प्रकार चपरी आम ओसा के पास चक्रवर्ती सम्राट अशोक के समर्थकों ने उनकी जयंती धूमधाम से मनाई है। जिले के विभिन्न स्थानों पर जयंती में शामिल लोगों का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया है।

## दबगों ने घर में घुस कर पुजारी को पीटा घर में कैद, शिकायत

### मामला करारी थाना क्षेत्र के फादिलाबाद का

**कौशाम्बी।** गांव में रह रहे अकेले पुजारी परिवार को पहले तो दबंगों ने मंदिर में पूजा करने से रोक दिया जब वह नहीं माना तो इन दबंगों ने उसे मारपीट कर उसके ही घर में कैद कर दिया। हंगामा होने पर किसी तरह से गांव के लोगों ने पीड़ित पुजारी को छुटाया लेकिन दबंग अब भी लगातार उन्हें धमकी दे रहा है डरा सहमा पुजारी परिवार शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। अपने शिकायती पत्र में पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए चंदू भूषण पुत्र संकटा प्रसाद पाण्डेय निवासी ग्राम फादिलाबाद थाना करारी ने बताया कि पूजा- पाठ कार्य करके अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता है। गांव के ही सत्य विजय पुत्र बच्चू लाल यादव, विकांशु पुत्र विक्रम, अनुज व संदीप यादव पुत्रगण भूलन राजू पुत्र अमरसिंह यादव गांव के रहने वाले शोरपुस्त और दबंग व्यक्ति हैं जो कि गांव में बने मंदिर पर ताला लगा दिया कि तुम लोग पूजा नहीं करोगे। जब हम लोगों ने पूजा करने का प्रयास किया तो यह सभी हमारे घर पर चढ़ आए और घर में घुस मारपीट करने लगे। तथा हमें मारपीट कर घर के अंदर बंद कर बाहर से ताला लगा लिया। बाद में गांव के लोगों ने आकर दरवाजा खोला। धमकी के बाद पुजारी परिवार डरा हुआ सहमा हुआ है वही इलाकाई पुलिस के द्वारा न्याय नहीं मिलने पर पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। मामले में पुलिस अधीक्षक में जांच कर कार्रवाई के आदेश दे दिए हैं।

## जनशिकायतों को डीएम एसपी ने सुनकर निस्तारित करने के दिए निर्देश

### सम्पूर्ण समाधान दिवस-चायल

### मनमानी शिकायत करने शराब माफिया भी पहुंचा डीएम एसपी के सामने



**कौशाम्बी** जिले के सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील चायल में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 48 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता सुरेश चन्द्र पुत्र स्वा0 राम लखन निवासी ग्राम-महमूदपुर(मनौरी) तहसील चायल जनपद कौशाम्बी का मूल निवासी है। द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि प्रार्थी की भूमि आराजी संख्या-109 पर गॉव के दंबग शिवकुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद महमूदपुर मनौरी द्वारा तीन सटर का ताला तोडकर कब्जा कर लिया है जि कब्जे से मुक्त कराया जाय एवं विपक्षी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार शिकायतकर्ता आदर्श यादव पुत्र स्वा0 लक्ष्मण सिंह ने मृतक पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने का प्रार्थना पत्र विकास खण्ड कार्यालय में दिया था, जो अभी तक नहीं बना है, जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी नेवादा को जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।तहसील मंझनपुर में कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील सिराथू में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव उप जिलाधिकारी आकाश सिंह, सीएमओ डॉ. संजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम के निरीक्षण में मिली अध्यापक व छात्रों की उपस्थित बेहद खराब



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा विकास खण्ड चायल के प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरी एवं इंगलिस मीडियम प्राइमरी स्कूल बलीपुर टाटा का शनिवार को आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरी विकास खण्ड चायल निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत कुल 03 शिक्षक/शिक्षिकाओं के सापेक्ष प्रधानाध्यापक रवीन्द्र कुमार त्रिपाठी स0अ0 श्रीमती ममता सिहं एवं परिचारक श्रीमती रश्मि मिश्रा उपस्थित पायी गयीं। तथा स0अ0 श्रीमती प्रतिभा मिश्रा बिना सूचना के अनुपस्थित पायी गयीं। अनुपस्थित शिक्षिका से फोन पर वार्ता की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि वह अस्वस्थ्य है, इस लिए विद्यालाय में उपस्थित नहीं हो पायी। जिस पर जिलाधिकारी ने बिना पूर्व सूचना के एवं बिना अवकाश लिए अनुपस्थित होने के सम्बन्ध में शिक्षिका के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए। विद्यालय में कुल नामांकन 42 के सापेक्ष 07 छात्र उपस्थित पाये गये। छात्रों की उपस्थिति कम पाये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए अध्यपकों से पूछा कि बच्चों की उपस्थिति इतनी कम क्यों है? उस पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया कि गेंहूॅ की कटाई चल रही है, जिसके कारण गॉव वाले बच्चों को विद्यालय नहीं भेज रहे हैं। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक सहित सभी अध्यापकों को निर्देशित किया कि गॉव में घर-घर जाकर बच्चों को बुलाया जाय एवं छात्र उपस्थिति में वृद्धि किया जाय। इस अवसर पर एकत्र ग्रामवासियों से भी जिलाधिकारी द्वारा अपने-अपने बच्चों को विद्यालय भेजने को कहा गया और यह भी कहा गया कि बच्चों को भेजिए मैं, पढ़ाता हॅू। इसके अतिरिक्त निरीक्षण में विद्यालय की साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों को शिक्षा एवं एमडीएम में गुणवत्तापूर्ण मीनू के अनुसार भोजन दिये जाने के निर्देश दिये। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा (अंग्रेजी माध्यम) प्राथमिक विद्यालय बलीपुर टाटा विकास खण्ड चायल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में कार्यरत कुल 10 शिक्षक-शिक्षिकाओं के सापेक्ष प्रधानाध्यापिका श्रीमती प्रीती सिंह, आकस्मिक अवकाश पर थीं शेष सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित पायी गयीं। विद्यालय में नामांकित कुल 202 बच्चों के सापेक्ष मात्र 82 बच्चे उपस्थित पाये गये। छात्र उपस्थिति न्यून पाये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानाध्यापक सहित सभी अध्यापकों को निर्देशित किया कि गॉव में घर-घर जाकर बच्चों को बुलाया जाय एवं छात्र उपस्थिति में वृद्धि किया जाय। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बच्चों की क्लास में जाकर बच्चों से अंग्रेजी की किताबों को पढ़कर सुनाने को कहा गया तो अधिकतर बच्चों द्वारा अंग्रेजी किताब पढ़कर सुनाया गया तो जिलाधिकारी ने वेरी गुड कहते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया और प्रसन्नता व्यक्त की गयी। इसके अतिरिक्त निरीक्षण में विद्यालय की साफ-सफाईकी व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों को शिक्षा एवं एमडीएम में गुणवत्तापूर्ण मीनू के अनुसार भोजन दिये जाने के निर्देश दिये।

## 11 अप्रैल तक शिक्षण संस्था में प्रवेश लेना नव चयनित छात्र छात्राए करें सुनिश्चित

**कौशाम्बी** जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों करारी, ककोढा, बरैसा (बालकों हेतु) तथा कोइलहा एवं भरसवॉ (बालिकाओं हेतु) में शैक्षिक सत्र 2025-26 में कक्षा 06, 07, 08, 09 में रिक्त सीटों के सापेक्ष दिनांक 30.03.2025 को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसका परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिलाधिकारी की अथक प्रयास एवं कुशल निर्देशन में उपरोक्त समस्त शिक्षण संस्थाओं हेतु रिक्त 554 सीटों के सापेक्ष शत्प्रतिशत चयन कर लिया गया है। उक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम बेबसाइड अथवा सम्बन्धित शिक्षण संस्थान के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। अस्तु नव चयनित छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से अनुरोध है कि कृपया दिनांक 11.04.2025 तक वांछित अभिलेखों के साथ चयनित शिक्षण संस्था में प्रवेश लेना सुनिश्चित करें, ताकि नियमित कक्षायें संचालित कराकर पठन-पाठन कार्य प्रारम्भ किया जा सके।

## इच्छुक छात्र छात्रायें मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी का करें आवेदन

**कौशाम्बी** जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत जनपद कौशाम्बी में सिविल सेवा परीक्षा, पी०सी०एस० परीक्षा,जे०ई०ई०, नीट एवं एन0डी0ए0/ सी०डी०एस० तथा अन्य एक दिवसीय परीक्षा की तैयारी निःशुल्क करायी जाती है। इच्छुक छात्र/छात्रायें दिनांक 07.04.2025 से दिनांक 06.05.2025 तक आवेदन/पंजीकरण कर सकते है। कोचिंग का संचालन महामाया राजकीय (बालिका) छात्रावास, मंझनपुर कौशाम्बी(निकट-मंझनपुर बस डिपो) में नवीन सत्र 01.07.2025 से प्रारम्भ किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी महामाया राजकीय (बालिका) छात्रावास, मंझनपुर में दिनांक 06.05.2025 तक 01 पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड एवं समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र/अंकपत्र की छायाप्रति लेकर आवेदन कर सकते है। कोचिंग में पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध है।

## सावधानी बरतें अग्निकाण्ड की घटनाओं से बचाव हेतु निम्न बातों का ध्यान रखें : एडीएम

**कौशाम्बी** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार ने बताया है कि जनपद में ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण आंचल शहरी क्षेत्र में अग्निकाण्ड की अधिकांश घटनायें होती रहती हैं। उक्त घटनाओं को न्यून किये जाने तथा अग्निकाण्ड की घटनाओं से बचाव हेतु निम्न बातों का ध्यान रखें फसल कटान के बाद अवशेष को खेतों में जलायें नहीं, तेज हवाओं के समय चूल्हे/भट्ठी पर भोजन न पकायें ,जलती हुई माचिस की तीली या अधजली बीड़ी और सिंगरेट को इधर-उधर न फेंके, खाना बनाते समय ढीले-ढाले और पॉलिस्टर के कपड़े न पहनें, बच्चों की पहुंच से माचिस, स्टोव, पटाखें, एसिड आदि दूर रखें, आग पकड़ने वाली खाद्य सामग्री और पैकेट बंद सामान को सिलेन्डर और चुल्हे से दूर रखें, बिजली के उपकरणों जैसे पंखा, ए०सी०, कूलर, फीज, हीटर, इंडक्शन को चेक करते रहें तथा बीच-बीच में उनकों बंदकर दें व अपने घरों में बिजली उपकरणों से सुरक्षा हेतु एम०सी०बी० लगवायें, सार्वजनिक स्थानों, ट्रेनों और बसों में बिजली उपकरणों से सुरक्षा हेतु एम०सी०बी० लगवायें, कार्यालय परिसर में यदि आग की घटना हो जाय तो निकटतम उपलब्ध निकास मार्गो/सीढ़ियों का उपयोग करें तथा बाहर जाते समय यह सुनिश्चित करे लें कि कोई व्यक्ति छूट न जाये, यदि कपड़ों में आग लग जाये तो स्टॉप, ड्राप एण्ड रोल करें, किसी भी इमारत से बाहर निकलने के दो रास्ते जानिए, कभी भी आग के सामने खड़े न हों हमेशा धुऐं के नीचे रहने की कोशिश करें, अपना मुंह गीले कपड़े से ढक्कर रखने की कोशिश करें, किसी भी कारण से जलती हुई इमारत में दोबारा न जायें, सीढ़ियों और गलियारों को अव्यवस्थित न करें क्योंकि वह आपके भागने के रास्ते है, क्षेत्र में आग लगी की घटना होने पर तुरन्त स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचित करें, पेट्रोलियम पदार्था से लगी आग को बुझाने के लिए हमेशा बालू फायर एक्सटिग्विशर का प्रयोग करें, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, अग्निशमन विभाग से सम्बन्धित महत्वपूर्ण के दूरभाष नम्बरों या टोल-फ्री नम्बर-102/108,112 1077 101 जाने तथा किसी भी प्रकार की घटनाओं पर सहायता हेतु सम्पर्क करें।

## दो दिवसीय शैक्षणिक एवं सृजनात्मक कार्यक्रम का डॉ.ए.एच.रिजवी डिग्री कॉलेज में हुआ आयोजन



**कौशाम्बी।** डॉ. ए. एच. रिजवी डिग्री कालेज करारी कौशाम्बी में छात्र एवं छात्रों के व्यक्तित्व को निखारने के उद्देश्य से महाविद्यालय में दो दिवसीय शैक्षणिक एवं सृजनात्मक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया ' कार्यक्रम के प्रथम दिवस छात्रों के बीच मेहंदी, पोस्टर निबंध लेखन, वाद विवाद, गीत एवं कविता आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।जिसमें प्रतिभागी छात्र गुलाम मोहिउद्दीन,अचिंत्य कुमार मिश्रा,रश्मि वर्मा, दिशा अवस्थी,विवेक पांडेय,अर्शिया फातिमा,पंकज कुमार, हेमंत कुमार, सृष्टि एवं सरिता साहू ने तथा अगले दिन शनिवार दिनांक 5.4.2025 को गायन,डांस,मोनो एक्टिंग, कत्थक डांस, और ग्रुप डांस में नुसरत फातिमा, इशरत फातिमा, श्रेया मिश्रा,अनामिका केशरवानी, शैलजा, इमरोज अली,मनीषा कुशवाहा, तथा नीलम विश्वकर्मा ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं बी.कॉम विभागाध्यक्ष अवधेश मिश्रा के दिशा निर्देशन में विभाग के छात्र छात्राओं ने अदरक एवं लहसुन रेस्टोरेंट का आयोजन करके स्वादिष्ट व्यंजनों का इंस्टॉल लगाकर आए हुए अतिथियों को स्वाद के चटखारे लगवाए।इस मौके पर महाविद्यालय के प्रबंधक कर्रार हुसैन रिजवी,डॉ अनिल कुमार विभागाध्यक्ष मैथेमेटिक्स महामाया राजकीय डिग्री कॉलेज ओसा मंझनपुर,डॉ योगेश मिश्रा विभागाध्यक्ष जंतु विज्ञान भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी अतिथि के रूप में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. साकिब तौफीक अहमद, बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ राजेश सक्सेना ने कहा कि छात्रों को पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। गतिविधियों को प्रबंधित करना थोड़ा कठिन हो सकता है, लेकिन यही संतुलन ही आपको जिंदगी के अहम पाठ पढ़ाएगा। इन गतिविधियों के दौरान आप अपने लिए नए जुनून व शौक तलाशने और दोस्त बनाने के अलावा अपनी छिपी हुई प्रतिभा की तलाश कर सकते हैं। पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों को प्रबंधित करना आपके लिए थोड़ा मुश्किल हो सकता है। ऐसे में दोनों के बीच संतुलन बनाने के लिए कुछ जरूरी बातों पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार वर्मा ने किया एवं कार्यक्रम की समस्त रूपरेखा मनोज कुमार ने तैयार की ।इसके बाद कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मुकुंद देव द्विवेदी ने छात्र एवं छात्राओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक आचार्य डॉ. कैप्टन अबू तलहा अंसारी, डॉ शमशाद हैदर जैदी, डॉ. अशरफ अब्बास, डॉ मदन मोहन मिश्रा, डॉ. शैला भारती श्रीमती ममता देवी, डॉ. सरफराज खान, डॉ मोहित त्रिपाठी, दीपक मिश्र, आनंद गुप्ता, मुकेश कुशवाहा, श्रीमती गुलनाज नकवी,श्रीमती नीतू मिश्रा,श्रीमती रश्मि सिंह कुमारी समीरा राजेंद्र, राजेश सिंह, राकेश यादव, ललित शुक्ला सुनील कुमार ,आदि शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## न्यूज झरोखा

### महान पुरुषों के विचारों को व उनके किए गए कार्यों को नहीं भूलेगी कांग्रेस : गौरव पाण्डेय



**कौशाम्बी** कांग्रेस के क्षेत्रीय कार्यालय चायल विधानसभा में शनिवार को देश के पहले दलित उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम और भगवान राम को अपनी नाव से गंगापार कराने वाले निषादों के राजा प्रयागराज जैसी राजधानी के राजा निषादराज गुह जी की जयंती पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके विचारों को व भगवान राम के बताए गए मार्ग पर चलने का प्रण लिया गया। यह कार्यक्रम कौशाम्बी कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय की अगुवाई में किया गया इस मौके पर वक्ताओं ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए बाबू जगजीवन राम जी के विचारों को याद किया एवं निषादों के राजा निषादराज गुह को प्रणाम करते हुए उनके उपदेशों को जनता तक बताया वक्ताओं ने कहा कि भगवान राम पर राजनीति करने वाली भाजपा सरकार को निषाद राज से सीख लेनी चाहिए की किस प्रकार एक महाप्रतापी राजा भगवान को अपनी नाव में बैठकर श्रद्धापूर्वक उन्हें पार उतारा बिना किसी स्वार्थ के यहां भाजपा सरकार भगवान के नाम पर राजनीतिक कर रही है यह बहुत ही दुःखद है। इस मौके पर कांग्रेस नेता अलकमा उस्मानी ने महापुरुष पहले दलित उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके विचारों को बताएं एवं कहा संसदीय जीवन में राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा एवं समर्पण बेमिसाल रही है !उनका संपूर्ण जीवन राजनीतिक सामाजिक सक्रियता और विशिष्ट उपलब्धियां से भरा हुआ है सदियों से शोषित और उत्पीड़ित दलित मजदूर के मूलभूत अधिकारों की रक्षा के लिए जगजीवन राम जी के द्वारा किए गए कानूनी प्रावधान ऐतिहासिक हैं ऐसे महान पुरुष को मैं शत-शत नमन करता हूं। इस मौके पर कार्यालय प्रभारी हेमंत रावत ने कहा कि दलित समाज के पहले उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी का ऐसा व्यक्तित्व था जिन्होंने कभी भी अन्याय से समझौता नहीं किया और दलितों के सम्मान के लिए हमेशा संघर्षरत रहे वो विद्यार्थी जीवन में ही उन्होंने अन्याय के प्रति आवाज उठाई बाबू जगजीवन राम जी का भारत में संसदीय लोकतंत्र के विकास में महती योगदान रहा दलितों को उनका अधिकार दिलाने वाले बाबू जगजीवन राम जी हैं !कार्यक्रम में सोशल मीडिया के प्रदेश सचिव एडवोकेट मोहम्मद मसरूर उर्फ शाहरुख, शाहिद, आशीष शुक्ला, सुनील, धर्मेंद्र, राज चौधरी, दिनेश कन्नौजिया, रजत गौतम, यूसुफ जमा, बाल कृष्ण कुशवाहा, नीरज यादव समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### थानाध्यक्ष पिपरी ने मनौरी बाजार में किया फ्लैग मार्च



**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी।** एसपी बृजेश श्रीवास्तव ,अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह और सीओ सतेन्द्र तिवारी के निर्देशन और थाना प्रभारी पिपरी सिद्धार्थ सिंह और चौकी इंचार्ज अजीत सिंह के नेतृत्व में चायल चौकी के उपनिरीक्षक राम कुमार दुबे, उपनिरीक्षक राम स्वरूप ने मयफोर्स मनौरी बाजार मे फ्लैग मार्च किया और दुकानदारों से हाल-चाल पूछा उसके बाद सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया चायल चौकी पुलिस ने कई वाहनों का चालान काटा है। उन्होंने कहा आपका जीवन आपके परिवार के लिए महत्वपूर्ण है हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाए।गौरतलब हो कि एसपी बृजेश श्रीवास्तव और सीओ सतेन्द्र तिवारी के निदेर्शानुसार और थानाध्यक्ष पिपरी सिद्धार्थ सिंह की अगुवाई में लगातार चेकिंग अभियान चलाकर अपराध की रोकथाम के साथ अपराधियों की धर पकड़ की जा रही है और सुरक्षा की दृष्टि से गश्त किया जा रहा है।सघन वाहन चेकिंग में तीन सवारी, बिना हेलमेट, लगाए व बिना आरसी चालकों के वाहनों को सघनता के साथ चेक किया गया।चेकिंग के दौरान वाहन चालकों में हडकंप मचा रहा।चेकिंग अभियान को देखकर लोग रास्ता बदलकर भागते हुए नजर आए। चौकी इंचार्ज अजीत सिंह ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का भी पाठ पढ़ाया। इस दौरान उपनिरीक्षक राम स्वरूप, हेड कांस्टेबल शिवम् गुप्ता, कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल विष्णु कांत तिवारी, कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### एसपी ने किया थाना का निरीक्षण

**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव द्वारा शनिवार को थाना पिपरी का औचक निरीक्षण किया गया। थाना के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, मालखाना, शस्त्रागार, बन्दी गृह, अपराध रजिस्टर, अन्य रजिस्टरों व अभिलेखों को चेक किया गया एवं उनको अद्यावधिक रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला हेल्प डेस्क व साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया तथा मेस को चेक किया गया साथ ही बैरकों और थाना परिसर के अन्य भवनों का निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया गया।

### वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा वारंटी अभियुक्त सुखलाल पुत्र नानका निवासी बड़ी मऊ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया। वारंटी के विरुद्ध थाना में गंभीर धाराओ में मुकदमे दर्ज हैं विधिक कार्यवाही पश्चात पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### बालिकाओं महिलाओं को अधिकारों के संबंध मे किया जागरूक

**कौशाम्बी** नारी सुरक्षा स्वावलंबन की दिशा में चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के तहत जिले में प्रतिदिन थाना पुलिस और महिला थाना पुलिस द्वारा बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर महिलाओं बालिकाओं को उनके अधिकारों के संबंध में जागरूक किया जा रहा है इसी क्रम में शनिवार को भी महिला थाना पुलिस टीम द्वारा दुर्गा मंदिर जेपी इंटर कॉलेज मंझनपुर में भ्रमण कर बालिकाओं महिलाओं को उनके अधिकारों के संबंध मे बताया गया और उन्हें अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने के लिए जागरूक किया गया तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी पुलिस टीम द्वारा महिलाओं बालिकाओं को दी गई।

# सम्पादकीय

## चिंताजनक है ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति

**विकसित** देशों में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा कवरेज के साथ भी भारी समस्याएं हैं। अमेरिका में लगभग 15 प्रतिशत लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। रहने की कम लागत और जीवन की धीमी गति के कारण ग्रामीण समुदाय में रहने का विकल्प चुनने वाले लोगों को भी स्वास्थ्य सेवा चुनौतियों का विशेष रूप से सामना करना पड़ता है। उच्च रक्तचाप और मोटापे जैसी पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं वाले बुजुर्ग लोगों का प्रतिशत अधिक है

प्रसव पीड़ा की मारी एक महिला रात में अस्पताल पहुंचने के लिए पहाड़ी के पांच किलोमीटर रास्ते को कैसे पार करती है? जिस परिवार के पास दूध या अंडे खरीदने की ताकत न हो और उस परिवार में सिलिकोसिस और तपेदिक से गंभीर रूप से पीड़ित कु पोषित युवक हो उस परिवार को आप क्या पोषण सलाह देते हैं? उस बीमार बच्चे का क्या होगा जहां निकटतम स्वास्थ्य सुविधा 20 किमी दूर है और वहां परिवहन की कोई सुविधा उपलब्ध न हो? दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में, जो अस्वच्छता, बाढ़ और कुपोषण से बुरी तरह प्रभावित हैं, वहां आप मलेरिया, डायरिया, हैजा जैसी बीमारियों का मुकाबला कैसे करेंगे? हम इन्हें अक्सर ग्रामीण भारत में स्थितियों के रूप में देखते हैं पर वे इस देश तक सीमित नहीं हैं। ये कहानियां दुनिया भर में मौजूद हैं। विकासशील और विकसित देशों के बीच भारी अंतर के बीच दुनिया भर में ग्रामीण स्वास्थ्य की पहुंच एक प्रमुख मुद्दा है। स्वास्थ्य और आधुनिक संसाधन आम तौर पर शहरों में केंद्रित होते हैं। सभी देशों में परिवहन और संचार संबंधी मुश्किलें हैं और वे सभी देश ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में डॉक्टरों व अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों की कमी की चुनौती का सामना करते हैं। इन समस्याओं पर 4 अप्रैल से बेंगलुरु में शुरू हुए तीन दिवसीय विश्व ग्रामीण स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन में चर्चा होगी।

शहरी क्षेत्रों में 22 प्रतिशत आबादी तक स्वास्थ्य सेवाओं और कवरेज की पहुंच है जबकि इसकी तुलना में दुनिया भर में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और कवरेज 56 फीसदी से कम है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में 10.3 करोड़ स्वास्थ्य कर्मियों की कमी का दो तिहाई भाग ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में है। 'ग्रामीण स्वास्थ्य संरक्षण में असमानताओं पर वैश्विक साक्ष्य' शीर्षक से मई 2015 की रिपोर्ट में '174 देशों के लिए स्वास्थ्य कवरेज में ग्रामीण घाटे पर नया डेटा', नामक लेख में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के बीच प्रमुख स्वास्थ्य पहुंच असमानताओं का खुलासा किया गया है। यह असमानता विशेष रूप से अफ्रीका में स्पष्ट दिखायी देती है जहां ग्रामीण आबादी के एक बड़े हिस्से तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच का अभाव है।

हालांकि घाटा हर जगह महसूस किया गया लेकिन कम आय वाले देशों और धन के असमान वितरण वाले देशों में यह अंतर बहुत अधिक है। उदाहरण के तौर पर देखें तो नाइजीरिया की जीडीपी अफ्रीका में सबसे ज्यादा है लेकिन इसकी प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,000 अमरीकी डालर से कम है। यहां की जनसंख्या 20.6 करोड़ है।

# कैसे जीवनयापन करते हैं बिरहोर

– बाबा मायाराम

**बिरहोर** जड़ी-बूटियों से इलाज करना जानते हैं। उन्हें किस बीमारी में कौन सी जड़ी काम आती है, इसकी जानकारी है। धौंरा की छाल को वे चाय पत्ती की तरह डालकर तरोताजा होने के लिए पीते हैं। वे अब भी कुछ छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज जड़ी-बूटी से कर लेते हैं। पेड़ पौधों, और जड़ी बूटियों का इतना अच्छा पारंपरिक ज्ञान कम ही देखने को मिलता है।



छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के कुछ गांवों में बिरहोर आदिवासी निवास करते हैं। जंगल ही इनका जीवन है। वे न सिर्फ जंगल में रहते हैं, उन पर निर्भर हैं, बल्कि जंगल का संरक्षण भी करते हैं। यह उनकी परंपराओं में है, उनकी जीवनशैली में है। आज मैं ऐसे अनूठे आदिवासी समुदाय की कहानी बताना चाहूंगा, जिससे पता चले कि उनका जीवन कैसा है, वे कैसे रहते और जीवनयापन कैसे करते हैं। क्या हम आदिवासियों के जीवन से कुछ सीख सकते हैं? बिर का अर्थ जंगल, और होर का अर्थ आदमी होता है। यानी जंगल का आदमी। बिरहोर आदिवासी विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों में से एक हैं। यह घुमंतू जनजाति मानी जाती है। हालांकि उनके पूर्वज सरगुजा जिले से इधर आए थे, लेकिन अब स्थायी रूप से यहीं बस गए।

कुछ समय पहले मैं इस इलाके में गया था। इस यात्रा में मैंने देखा था कि यहां टेड़ा पद्धति से लोग सिंचाई भी करते हैं। इस पद्धति में कुओं से पानी निकालना आसान है, इसके लिए यहां टेड़ा का इस्तेमाल किया जाता है। टेड़ा और कुछ नहीं बांस की लकड़ी है जिसके एक सिरे पर पत्थर बांध दिया जाता है और दूसरे सिरे पर बाल्टी। पत्थर के वजन के कारण पानी खींचने में ज्यादा ताकत नहीं लगती। बिल्कुल सड़क के बैरियर या रेलवे गेट की तरह। टेड़ा से पानी खींचने में ताकत नहीं लगती, इशारे से बाल्टी ऊपर आ जाती है। पानी के बेजा इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए श्रम आधारित तकनीक बहुत उपयोगी है। आज जो हमने रासायनिक खेती की ऐसी राह पकड़ी है जिसमें श्रम आधारित काम की जगह सभी काम मशीनों व भारी पूंजी की लागत से होता है जबकि मानवश्रम बहुतायत में है। यह बहुत ही प्राचीन पर किफायत से पानी खर्च करने की पद्धति है। यहां राजिम प्रेरक संस्था से जुड़े रमाकांत जायसवाल और तिहारूराम बिरहोर ने बताया था कि बिरहोर मुख्यतः पूर्व में शिकार करते थे और वनोपज एकत्र करते थे। अब बिरहोर मुख्यतः बांस के बर्तन बनाते हैं और रस्सी बनाकर बेचते हैं। बांस के बर्तनो में पर्रा, बिजना, टुकनी, झउआ, बोंगी, चुरकी, सात सुपेली,सिखुन, झांपी और झलगी। पटुआ और मोगलई की छाल से रस्सी बनती है। खेती-किसानी में काम आनेवाली रस्सियां व मवेशियों को बांधने के लिए रस्सियां बनाते हैं। जोत, गिरबां, सींका, दउरी आदि चीजें इसी रस्सी से बनाते हैं। खेती और पशुपालन साथ-साथ होता है। इसके अलावा सरई पत्तों से दोना-पत्तल बनाकर बेचते भी हैं। इस सबसे ही उनकी आजीविका चलती है।

बिरहोरों की आबादी कम है। इनकी जीवनशैली अब भी जंगल पर आधारित है। इनमें पढ़े-लिखे बहुत कम हैं। हालांकि अब साक्षर व शिक्षित होने लगे हैं। बांस के बर्तन बनाने, रस्सी बनाने के अलावा बहुत ही कम लोग खेती करते हैं।

तिहारूराम ने बताया कि 'पहले अनाज खाने नहीं मिलता था। महुआ फूल को पकाकर खाते थे। ज्वार और बाजरा की रोटी खाते थे। लेकिन अब पहले जैसी स्थिति नहीं है।' माल्दा गांव, जो तिहारूराम का गांव है, उनके घर ही में रात में ठहरा था। खुले आसमान के नीचे खाट पर सोने का मौका मिला। तिहारूराम ने मुझे बताया थोड़ी देर में भगवान का लाइट आएगा और अंधेरा भाग जाएगा। मैं आकाश में जगमगाते तारे और चांद की रोशनी देखते-देखते सो गया। मुझे गहरी नींद आई थी। उनका कुत्ता भी वहीं खटिया के पास सोता रहा था। खुले आसमान के नीचे सोने का मौका बहुत सालों बाद आया था। मुझे गांव में बचपन की याद भी आई जब गर्मी के दिनों में आंगन में खुले आकाश के नीचे ही सोते थे, जहां बुजुर्ग हमें तरैय्यों ( तारों) के बारे में बताते थे, उसी से समय का अनुमान लगाया जाता था। दूसरे दिन सुबह ठंडे तालाब के पानी में स्नान किया। तालाब में कमल के फूल खिले थे। वहां ग्रामीण संस्कृति की मिठास का अनुभव किया। छत्तीसगढ़ की एक पहचान तालाब भी हैं। यहां अधिकांश गांवों में तालाब होते हैं। यहां की पानीदार जल संरक्षण संस्कृति यहां की संस्कृति का हिस्सा है। तिहारूराम और रमाकांत जायसवाल ने बताया कि उन्होंने पहले दौर में कुछ गांवों का चयन किया है जिसमें जैविक खेती और किचिन गार्डन का काम किया जा रहा है। इन गांवों में जैविक खेती के लिए 50 किसानों को देसी बीजों का वितरण किए गए हैं। इसके लिए मालदा में बीज बैंक है। बाड़ियों ( किचिन गार्डन) के लिए भी देसी सब्जियों के देसी बीज दिए गए हैं। वे आगे बताते हैं कि इन गांवों में जैविक खेती में धान, झुनगा, अरहर, उड़द, हिरवां, बेड़े आदि खेतों में बोया गया है। और बाड़ियों में लौकी, भिंडी, बरबटी, कुम्हड़ा, तोरई, डोडका, मूली, पालक, भटा, करेला, चेंच भाजी, लाल भाजी इत्यादि। इसके अलावा, फलदार वृक्षों में मुनगा, बेर, पपीता, आम, जाम, आंवला, नीम, कटहल आदि का पौधे भी वितरित किए गए हैं। इसके अलावा, बिरहोर जड़ी-बूटियों से इलाज करना जानते हैं। उन्हें किस बीमारी में कौन सी जड़ी काम आती है, इसकी जानकारी है। धौंरा की छाल को वे चाय पत्ती की तरह डालकर तरोताजा होने के लिए पीते हैं। वे अब भी कुछ छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज जड़ी-बूटी से कर लेते हैं। पेड़ पौधों, और जड़ी बूटियों का इतना अच्छा पारंपरिक ज्ञान कम ही देखने को मिलता है। मुझे कुछ ही समय में उन्होंने जड़ी बूटियों के नाम व उपयोग की काफी जानकारी दी। बिरहोर आदिवासियों का मुख्य त्यौहार खरबोज है। ठाकुरदेव, बूढ़ादेव, नागदेवता जंगल में है। माघ पूर्णिमा में यह त्यौहार मनाया जाता है। कर्मा नाचते हैं। नवापानी मनाते हैं। यह नए अनाजों के घर में आने की खुशी में मनाया जाता है, जिसे अन्य जगहों पर नुआखाई भी कहते हैं।बिरहोर जंगल से लेते ही नहीं हैं, बल्कि उसको बचाते भी हैं। जंगल के प्रति जवाबदारी भी समझते हैं। उनका जंगल से मां-बेटे का रिश्ता है। वे जंगल से उतना ही लेते हैं जितनी जरूरत है। उन्होंने ऐसे नियम कायदे बनाए हैं कि जिससे जंगल का नुकसान न हो। ग्रामीण बताते हैं कि वे कभी भी फलदार वृक्ष जैसे महुआ, चार, आम के पेड़ नहीं काटते। फलदार वृक्षों से कच्चे फलों को नहीं तोड़ते। किसी भी पेड़ की गीली लकड़ी को नहीं काटते। जरूरत पड़ने पर सबसे पहले जंगल में घूमकर सूखी लकड़ी तलाशते हैं, उसे ही काम में लेते हैं। अगर कोई पेड़ को सूरज का प्रकाश नहीं मिल रहा है, तो उसके आसपास साफ सफाई करते हैं, जिससे उसे सूरज की रोशनी मिल सके। पेड़ पौधों का संरक्षण भी बहुत जरूरी हो गया है।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि बिरहोरों की जीवनशैली प्रकृति के साथ सहअस्तित्व की है। जंगलों के साथ उनका रिश्ता गहरा है। वे एक दूसरे के पूरक हैं। जंगलों की कमी और जलवायु बदलाव के दौर में जैविक खेती उपयोगी हो गई है। विशेषकर कम पानी वाली और बिना रासायनिक वाली जैविक खेती से भोजन सुरक्षा के साथ मिट्टी, पानी का संरक्षण और संवर्धन होगा। देसी बीज बचेंगे और जैव विविधता बचेगी और पर्यावरण भी बचेगी। बाड़ियों में हरी सब्जियां व फलदार वृक्षों से पोषण मिलेगा। सब्जियों के लिए बाजार पर कम निर्भरता होगी। जो कमी मौसम बदलाव के दौर में जंगलों से कंद-मूल व सब्जियों में आ रही है, उसकी पूर्ति होगी।

आज दुनिया में पर्यावरण का संकट एक बड़ी समस्या के रूप में उभर रहा है। इसमें हमें प्रकृति के साथ सहअस्तित्व का जो रिश्ता आदिवासियों का है, उसे समझना जरूरी है। उनका नजरिया क्या है, कैसे वे बहुत कम संसाधनों में जीते हैं, कैसे वे पर्यावरण का संरक्षण करते हैं, उनकी श्रम आधारित जीवनशैली से किस तरह पर्यावरण का भी संरक्षण होता है, इस तरह की कहानियों में उसकी झलक मिलती है। क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे?

# गहमर में भीषण हादसाः झोपड़ी में सो रहे परिवार पर चढ़ा बेकाबू ट्रेलर, तीन मासूमों की मौत, दो गंभीर

गाजीपुर

**जनपद** के गहमर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पथरा गांव में शुक्रवार की रात एक दर्दनाक हादसा हुआ जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। मां कामाख्या धाम के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 124सी पर सड़क किनारे बनी झोपड़ी में सो रहे डोम परिवार पर एक अनियंत्रित ट्रेलर कहर बनकर टूट पड़ा। तेज रफ्तार ट्रेलर ने झोपड़ी को कुचलते हुए बिहार की ओर रफ्तार भर दी, जिससे झोपड़ी में सो रहे परिवार के तीन मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।



हादसे में लाल जी डोम की 5 वर्षीय पुत्री कबूतरी, 2 वर्षीय पुत्र ज्वाला और 7 वर्षीय पुत्री सपना की जान चली गई। वहीं, लाल जी की पत्नी संतरा देवी (30 वर्ष) और एक अन्य छोटा बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा ले जाया गया, जहां से संतरा देवी और सपना को जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान सपना की भी मौत हो गई। घटना के समय लाल जी डोम किसी काम से बाहर गए थे, जिससे वे बाल-बाल बच गए।

इस हृदयविदारक दुर्घटना की सूचना मिलते ही गहमर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल आशेष नाथ सिंह ने जानकारी दी कि भाग रहे ट्रेलर को बिहार सीमा से पकड़ लिया गया है और चालक के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

यह हादसा न केवल परिवार के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गहरा सदमा है।

गांव में मातम पसरा हुआ है और पीड़ित परिवार के परिजन बेसुध हालत में रो-रोकर अपने बच्चों को याद कर रहे हैं। इस भीषण हादसे ने एक बार फिर से सड़कों पर वाहनों की अनियंत्रित गति और सड़क किनारे रहने को मजबूर गरीब परिवारों की असुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# ट्रम्प ने अमेरिकी व्यापार को वापस शुरुआती व्यापार व्यवस्था में धकेल दिया

– अंजन रॉय



**अपनी** नवीनतम टैरिफ दरों के साथ, अमेरिका सन 1900 की तरह ही टैरिफ व्यवस्था में वापस आ जायेगा। इतना भी नहीं। दार्शनिक रूप से, हम व्यापारीवादियों के दिनों में वापस चले गये हैं, जब आर्थिक दार्शनिकों ने सोचा था कि आयात बुरा है और निर्यात अच्छा हैः इस प्रकार, सभी वस्तुओं का निर्यात करें और सोना आयात करें।

राजनेताओं से लेकर अर्थशास्त्रियों और विनम्र शेयर व्यापारियों तक, कोई भी वास्तव में विश्वास नहीं कर सकता था कि ऐसा होगा। इससे भी बदतर, वास्तव में, यह उतना ही बुरा होना चाहिए था जितना कि वास्तविकता में हुआ। डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने वाले सामान पर टैरिफ की घोषणा का वायदा किया था, जो कि आशंका से कहीं अधिक खराब साबित हुआ। एक झटके में, डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका को कम से कम एक सौ पच्चीस साल पहले की व्यापार व्यवस्था में धकेल दिया है।

अपनी नवीनतम टैरिफ दरों के साथ, अमेरिका सन 1900 की तरह ही टैरिफ व्यवस्था में वापस आ जायेगा। इतना भी नहीं। दार्शनिक रूप से, हम व्यापारीवादियों के दिनों में वापस चले गये हैं, जब आर्थिक दार्शनिकों ने सोचा था कि आयात बुरा है और निर्यात अच्छा हैः इस प्रकार, सभी वस्तुओं का निर्यात करें और सोना आयात करें। हमें सत्रहवीं शताब्दी में प्रचलित मानसिकता की ओर पलायन करने के लिए मजबूर किया गया है।

वह व्यापारिकता का सुनहरा युग था, जिसका प्रतीक जीनबैप्टिस्ट कोलबर्ट (1619-83) थे। 1940 में कोलबर्ट पर एक पुस्तक की समीक्षा करते हुए, सर जॉनक्लैफम ने कहा थाः कोलबर्ट के पास कोई एक मौलिक विचार नहीं था और वह 'एक बड़ा मूर्ख व्यक्ति, अत्याचारी, क्रूर, उधम मचाने वाला' था।

किसी अजीब संयोग से, यह 21वीं सदी के आज के आधुनिक प्रकार के व्यापारिकता के सबसे शक्तिशाली और निर्णायक अधिवक्ता का बहुत सटीक वर्णन प्रतीत होता है।

2 अप्रैल के बाद, अमेरिका की व्यापार व्यवस्था 1900 और उससे भी पहले की तरह ही होगी, जब राष्ट्र उच्च टैरिफ दीवारों के पीछे छिपते थे। फिर 2 अप्रैल के उस एक झटके से ट्रम्प ने विश्व व्यापार और राष्ट्रों के बीच आर्थिक संबंधों की पूरी संरचना को ध्वस्त कर दिया है, जिसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के वर्षों में बहुत सावधानी से बनाया गया था।

विश्व व्यापार संगठन को औपचारिक रूप से खत्म कर दिया जाना चाहिए। राष्ट्रों के बीच व्यापार-संबंधी मतभेदों को हल करने के लिए विवाद निपटान निकाय पुराने पड़ चुके हैं। शिकायत दर्ज करने का कोई मतलब नहीं है। अगर दुनिया की सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्था देशों पर अपनी मर्जी से टैरिफ लगा सकती है, तो व्यापार के लिए सबसे पसंदीदा राष्ट्र के प्रमुख सिद्धांत पर आधारित नियम वाली व्यापार प्रणाली कहा है!

वैश्विक व्यापार व्यवस्था के व्यापक सवालों को छोड़कर, अब हम एक सवाल पर विचार करते हैं कि 2 अप्रैल के बाद भारत का क्या होगा? आम तौर पर कुछ भी गंभीर नहीं है। कुछ क्षेत्र जो अमेरिका से जुड़े थे, निश्चित रूप से प्रभावित होंगे, लेकिन आम तौर पर अर्थव्यवस्था में भारत को अच्छी तरह से सहारा मिलना चाहिए।

सबसे पहले, वैश्विक व्यापार में भारत का समग्र जोखिम बहुत अधिक नहीं है। इसके अलावा, अमेरिका को निर्यात भारत के सकल घरेलू उत्पाद का केवल 2.2प्रतिशत है। यदि इसका एक अंश भी प्रभावित होता है, तो इसे आसानी से प्रबंधित किया जा सकता है।

ट्रम्प टैरिफ के प्रभाव को दूसरों की तुलना में देखा जाना चाहिए। दुनिया एक 'पूर्ण' जगह नहीं है, यह एक 'सापेक्ष' जगह है। उदाहरण के लिए, विशेषज्ञों की गणना के अनुसार, भारतीय निर्यात पर ट्रम्प टैरिफ का प्रभाव औसतन 26प्रतिशत होगा, जबकि चीन पर 54 प्रतिशत होगा। इस प्रकार, भारतीय निर्यात पर आधे से भी कम प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि ये अमेरिका को चीनी निर्यात को प्रभावित करेंगे। प्रयास के साथ, भारतीय निर्यातक अभी भी लागत को नियंत्रित करने और नवीनतम टैरिफ के प्रभाव को कम करने का प्रयास कर सकते हैं। लेकिन चीन के लिए, यह कहीं अधिक कठिन काम होगा। दूसरे, चीन भारत की तुलना में संयुक्त राज्य अमेरिका को निर्यात पर कहीं अधिक निर्भर है। इस प्रकार, भारतीय अर्थव्यवस्था, जैसा कि सर्वविदित है, घरेलू मांग से प्रेरित है, जबकि चीनी निर्यात पर पूरी तरह से निर्भर है। उदाहरण के लिए, चीन के पास अपनी घरेलू आवश्यकताओं से दोगुना स्टील उत्पादन करने की क्षमता है। इसलिए, चीनी इस्पात उद्योग के अस्तित्व के लिए, उसे निर्यात करना होगा। कुछ देश और भी अधिक असुरक्षित हैं, क्योंकि वे कुछ चुनिंदा वस्तुओं के निर्यात पर निर्भर हैं। अपने देश के निकट उदाहरण के लिए, बांग्लादेश पर भी टैरिफ लगाया गया है।

# शारदीय नवरात्र सप्तमी पर महाकाली मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, 201 नारियलों से हुआ भव्य श्रृंगार

**गाजीपुर। जनपद** के थाना कोतवाली मोहम्मदाबाद अंतर्गत शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि पर आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब नसीरपुर कला हाटा गांव स्थित प्रसिद्ध माता महाकाली मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।



संध्या आरती से पूर्व माता रानी का विशेष श्रृंगार 201 नारियलों से किया गया, जिससे मंदिर परिसर में दिव्यता और भव्यता का दृश्य उत्पन्न हो गया।

इस पावन अवसर पर माता कालरात्रि की विशेष पूजा विधि-विधान के साथ की गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रसिद्ध समाजसेविका मीरा राय के कर कमलों द्वारा पूजा-अर्चना से हुई। उन्होंने श्रद्धा और भक्ति भाव से मां का पूजन कर जनकल्याण और शांति की कामना की। उनके साथ स्थानीय थाना प्रभारी राम सजन नागर भी पूजा में सम्मिलित हुए और श्रद्धा भाव से दर्शन किए।

मंदिर परिसर में विराजमान मां महाकाली, मां दुर्गा और मां सरस्वती की प्रतिमाओं को चांदी के मुकुट से सजाया गया, और श्रद्धालुओं ने इन देवी स्वरूपों के दर्शन कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। आरती के समय पूरा वातावरण 'जय माता दी' के उद्घोषों से गुंजायमान हो उठा, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत गायक राजेंद्र शर्मा, आरजू अंचल, मुन्ना शर्मा और डॉक्टर अशोक शर्मा ने देवी पचरा गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इन कलाकारों को समाजसेविका मीरा राय द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस आयोजन में दीपू वर्मा, रामजी गिरी, बबलू, बलराम जायसवाल, राम जयसवाल, शिवानंद यादव उर्फ डब्बू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह भक्ति पर्व देर रात तक चला, जिसमें भक्तों की आस्था और ऊर्जा देखते ही बन रही थी।

यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

# गाजीपुर में परिवहन विभाग का सघन चेकिंग अभियानः 13 वाहन सीज, 80 हजार से अधिक का जुमार्ना

**गाजीपुर। रेवतीपुर** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एआरटीओ विभाग के यात्री कर अधिकारी लव कुमार सिंह के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम ने विभिन्न मार्गों पर अवैध रूप से संचालित हो रहे वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस अचानक हुई कार्रवाई से वाहन चालकों में अफरा-तफरी मच गई और कई चालक अपने वाहन सड़क किनारे छोड़कर मौके से फरार हो गए। इस विशेष अभियान के दौरान विभागीय टीम ने बिना परमिट और आवश्यक कागजातों के संचालन कर रहे 13 वाहनों को जब्त कर संबंधित थानों के सुपुर्द किया। इन वाहनों में ई-रिक्शा, एंबुलेंस, टेंपो और स्कूली वैन शामिल थीं। जब्त किए गए वाहनों पर कुल मिलाकर लगभग 80,000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया, जबकि 5 अन्य वाहनों का मौके पर ही चालान कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, जमानिया कोतवाली क्षेत्र में 5 वाहन, सुहवल थाना क्षेत्र में 6 वाहन और भदौरा थाना क्षेत्र में 2 वाहनों को सीज किया गया। अधिकारी लव कुमार सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बिना वैध दस्तावेजों के किसी भी वाहन को सड़कों पर चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई चालक या वाहन स्वामी नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और भारी जुमार्ना भी लगाया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि आगे भी ऐसे सघन चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे ताकि सड़क पर अवैध और असुरक्षित वाहनों का संचालन रोका जा सके और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

यह कार्रवाई न केवल नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई, बल्कि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# हरिजन बस्ती में 40 से अधिक घर जलकर राख, सिलेंडर फटने से दहशत का माहौल

- दमकल की टीमें काबू पाने में जुटी,
- प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद

**अखंड भारत संदेश**



मौके पर धुएं से घिरा हुआ गांव



मौके पर आग से जले गांव में प्रशासनिक अमला

**चित्रकूट।** जिले के सरधुआ थाना क्षेत्र के भदेदू गांव की हरिजन बस्ती में शुक्रवार दोपहर अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते 40 से अधिक घरों को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें अधिकांश झोपड़ियां और कच्चे मकान धू-धू कर जलकर राख हो गए।

घरों में रखे गैस सिलेंडर फटने से धमाकों की आवाज से पूरा इलाका दहल उठा और ग्रामीणों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि एक के बाद एक घर इसकी चपेट में आते चले गए। कई लोग अपने घरों से जरूरी सामान तक नहीं निकाल पाए। लोगों की मवेशी, राशन, कपड़े, बिस्तर सब कुछ जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है। लेकिन कई घंटे बीत जाने के बावजूद आग पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं हो पाया है। आग तेजी से पास के अन्य घरों की ओर भी फैल रही है। गांव के लोग बाल्टियों और टंकी के पानी से आग बुझाने में जुटे हैं, लेकिन तेज हवा और गर्मी के कारण हालात बिगड़ते जा रहे हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम, सीओ और थाना पुलिस मौके पर मौजूद हैं। प्रशासन ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर दिया है और पीड़ितों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की व्यवस्था की जा रही है। प्रशासन की निगरानी में राहत और बचाव कार्य जारी है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि दमकल देर से पहुंची, जिसके चलते नुकसान और बढ़ गया। गांव में अब भी चीख-पुकार और दहशत का माहौल बना हुआ है।

### आग पर नियंत्रण, कोई जनहानि नहीं

भीषण अग्नि दुर्घटना में कुल 31 घर प्रभावित हुए। घटना की सूचना पर डीएम, एसपी व एएसपी मौके पर पहुंचे। पुलिस बल सीओ राजापुर के नेतृत्व में घटनास्थल पर तैनात किया गया। आग बुझाने के लिए फायर स्टेशन राजापुर, कर्वी, मऊ, मानिकपुर, चित्रकूट, पश्चिम शरीरा कौशाम्बी व अतर्रा बांदा के फायर टैंकर पहुंचे, और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। दुर्घटना में एक गौवंश की हानि हुई, लेकिन किसी प्रकार की मानव या अन्य पशु हानि की सूचना नहीं मिली। राहत कार्यों के तहत एसडीएम व तहसीलदार राजापुर के नेतृत्व में प्रभावित 31 परिवारों के लिए खाने व रहने की व्यवस्था की गई।

## न्यूज झरोखा

### घर में घुसकर युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, गंभीर हालत में प्रयागराज रेफर

**बरगढ़/चित्रकूट।** बरगढ़ थाना क्षेत्र के कोलमजरा ग्राम पंचायत के सिंगल पुरवा में शनिवार रात उस समय सनसनी फैल गई जब कुछ दबंगों ने घर में घुसकर एक युवक सूरज आदिवासी पर तीन बार धारदार चाकू से वार कर दिया। हमले में सूरज को पेट में गंभीर चोटें आईं, और हमलावर उसे मरणासन्न अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना के समय सूरज की पत्नी घर में ही मौजूद थी। पति पर चाकू से हमला होते देख वह चीख पड़ी, जिसकी आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत 112 डायल सेवा को सूचना दी। आनन-फानन में घायल सूरज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार, सूरज के पेट में तीन जगह चाकू से वार किए गए हैं और उसकी हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। पीड़ित की मां ने बताया कि उन्होंने बरगढ़ थाने में लिखित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। वहीं थानाध्यक्ष बरगढ़ ने बताया कि मामला संज्ञान में है और आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को प्रथम चरण की बैठक सम्पन्न



**चित्रकूट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में शनिवार को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट राकेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में समस्त नोडल अधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों की प्रथम चरण की बैठक की गई। बैठक में श्रीमती नीलू मैनवाल, सचिव/अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट ने जानकारी दी गई कि जनपद न्यायाधीश ने दिनांक 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित कर उनका निस्तारण करने पर बल दिया है। बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित ऐसे मामलों को चिन्हित करें, जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सके। साथ ही, पक्षकारों को दो बार नोटिस तामीला कराते हुए उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होने का अवसर दें। बैठक में प्रमुख रूप से राममणि पाठक अपर जिला जज व नोडल अधिकारी लोक अदालत, अमिताभ कुमार हर्ष प्रबंधक भारतीय बैंक, डॉ एम के जटार्या अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सौरभ चंद्र सिंह संरक्षण अधिकारी, यामीन अहमद, क्षेत्राधिकारी मऊ, सौरभ यादव उपजिलाधिकारी मऊ, मनोज सिंह समेत अन्य रहे।

### मंडल कारागार के निरीक्षण मे बंदियो से जानी गई समस्याएं

**बांदा।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा डा० बब्बू सारंग के निर्देशानुसार सर्वप्रथम श्रीपाल सिंह, अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण-बांदा द्वारा बैरक सं०-03 व 4ए. 4थी का निरीक्षण किया गया। जहां पर समस्त बन्दियों को उनके मुकदमों के सम्बंध में जानकारी ली गयी। सचिव द्वारा समस्त बन्दियों को अधिकार प्राप्त समिति बांदा के सम्बंध में जानकारी दी गयी। उनके द्वारा बताया गया कि वे बन्दी जिनकी जमानत सक्षम न्यायालय द्वारा हो चुकी है किन्तु जमानत धनराशि अदा न कर पाने के कारण जेल में निरुद्ध हैं, उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति के आधार पर आख्या रिहाई अनुशंसा हेतु अधिकार प्राप्त समिति के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। इस परिप्रेक्ष्य में कारागार में निरुद्ध 04 बन्दियों के प्रार्थना पत्र प्राप्त किये गये हैं जिनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति की आख्या हेतु जिला प्रशासन को पत्र प्रेषित किये जा चुके हैं। 02 जेल बन्दियों को विधिक सहायता के अन्तर्गत मुकदमों की पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता नियुक्त किये गये। इसी कम में लीगल एड डिफेन्स अधिवक्ता प्राप्त बन्दियों से उनके मुकदमों की प्रगति आख्या के सम्बंध में मूलचन्द्र कुशवाहा, विकान्त सिंह एवं अनुराग तिवारी द्वारा बन्दियों को जानकारी प्रदान की गयी।

# पॉलिटेक्निक चलो अभियान का मऊ में व्यापक प्रचार

- प्रवेश परीक्षा में भाग लेने का आह्वान
- डीएम, एसपी ने किया प्रमोट

**अखंड भारत संदेश**



अभियान को प्रमोट करते डीएम, एसपी व शिक्षक

**चित्रकूट।** जिले के मऊ तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर पॉलिटेक्निक चलो अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। अभियान महानिदेशक प्राविधिक शिक्षा एवं संयुक्त निदेशक, बुंदेलखंड क्षेत्र झांसी के आदेश पर किया गया, जिसमें राजकीय पॉलिटेक्निक मऊ के प्रधानाचार्य संतोष कुमार वैश्य के नेतृत्व में संस्थान के प्रवक्ताओं व स्टाफ ने सहभागिता की।

अभियान में छात्रों को बताया कि उत्तर प्रदेश के समस्त राजकीय, अनुदानित एवं प्राइवेट पॉलिटेक्निक संस्थानों में शैक्षिक सत्र 2025-26 में प्रवेश को ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। कंप्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा 20 से 28 मई के बीच प्रदेश के सभी 75 जनपदों में आयोजित होगी। अभियान में यह भी बताया गया कि छात्राओं के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण के साथ अलग छात्रावास की व्यवस्था उपलब्ध है। प्रचार अभियान में प्रवक्ता यांत्रिक अभियंत्रण अमित कुमार शुक्ला, प्रवक्ता इलेक्ट्रिकल दीपेन्द्र कुमार मिश्रा, व्याख्याता रसायन डॉ प्रियंका मौर्या, व्याख्याता अंग्रेजी सुश्री प्रियंका भारद्वाज तथा कार्यशाला अनुदेशक श्रीमती आकांक्षा श्रीवास्तव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभियान में संस्थान की मैगजीन एवं इनफॉर्मेशन वाउचर डीएम, एसपी, एसडीएम एवं सीओ को भेंट की गई।

## मानिकपुर रेलवे स्टेशन पर सुबह लगी आग स्थिति नियंत्रण में

**मानिकपुर/चित्रकूट।** रेलवे स्टेशन मानिकपुर पर आज सुबह तकरीबन 7 बजे ओवरब्रिज के सहारे खिंची तारों में अचानक आग लग गई, जिससे स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग लगते ही आरपीएफ बल व स्टेशन पर तैनात कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। आग पर काबू पाने के लिए वेन्डरों और अग्निशमन यंत्र का सहारा लिया गया, हालांकि फायर ब्रिगेड को फोन करने के बावजूद वे आधे घंटे तक मौके पर नहीं पहुंचे। बाद में आरपीएफ के सहयोग से आग पर काबू पाया गया और स्थिति नियंत्रण में आ गई। इस घटना में किसी भी प्रकार की हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थिति अब पूरी तरह से नियंत्रण में है, और ट्रेनों की आवाजाही सामान्य रूप से जारी है।

# सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना से रोजगार सृजन को मिलेगा प्रोत्साहन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप आयुक्त उद्योग एस के केशरवानी ने बताया कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को गति देने तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने को प्रदेश में एक नई योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत 1.5 लाख नई सूक्ष्म इकाईयों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है, जिससे प्रदेश में पूंजी निवेश को आकर्षित किया जा सकेगा और रोजगार के अवसर उत्पन्न किए जा सकेंगे।

केशरवानी ने बताया कि इस उद्देश्य को प्राप्त करने हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना शुरू की गई है, जो विशेष रूप से युवाओं को उद्योग क्षेत्र में अपने व्यवसाय को स्थापित करने में मदद करेगी। यह योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला चित्रकूट को 900 इकाईयों के लक्ष्य के साथ लागू की जाएगी। योजना में उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए अधिकतम 5 लाख रूपए तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। लाभार्थी को इस परियोजना लागत का 10 प्रतिशत कैपिटल सब्सिडी के रूप में मिलेगा। यह अनुदान बैंक द्वारा जारी किया जाएगा और परियोजना लागत के अनुसार वित्तीय संस्थाओं से लिए गए ऋण पर अगले 4 वर्षों के लिए शत-प्रतिशत ब्याज की सब्सिडी दी जाएगी।

# तरक्की के ताले की चाबी है शिक्षा : पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा

- सीआईसी में टॉपर्स का सम्मान
- पूर्व सांसद व प्राचार्य ने बढ़ाया हौसला



टॉपर्स को सम्मानित करते पूर्व सांसद व प्रधानाचार्य

**चित्रकूट।** चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने पर पुरस्कार वितरण समारोह किया गया, जिसमें कक्षा 6, 7, 8, 9 व 11 के टॉपर्स छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौक पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया।

पूर्व सांसद ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा वह चाबी है, जो तरक्की के सारे ताले खोलती है। यदि आप पूरी निष्ठा से पढ़ाई करें तो आपके सपनों की ऊंचाइयों को कोई नहीं रोक सकता। घोषणा की कि इस उपलब्धि पर विद्यालय की ओर से एक लाख का पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान ने छात्रों से लगन व अनुशासन के साथ पढ़ाई करने की अपील की। बताया कि नए शैक्षिक सत्र की शुरूआत हो चुकी है व प्रवेश प्रक्रिया जारी है। विशेष रूप से कक्षा 10 व 12 के विद्यार्थियों को लगातार विद्यालय आकर पढ़ाई में जुटने की सलाह दी गई। परीक्षा परिणामों में कक्षा 11 (व्यावसायिक) में देवनारायण ने 86 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप किया, जबकि पूरे विद्यालय में कक्षा 9 की छात्रा आराधना देवी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉपर बनीं।

इस मौके पर हरियंत प्रकाशन की ओर से उज्जवल ने सभी टॉपर्स को हर विषय की नई पुस्तकें भेंट कीं। समारोह में भाजपा नेता हबीब खान, परीक्षा प्रभारी श्रीनिवास त्रिपाठी, वीरेंद्र शुक्ला, विवेक तिवारी, रामबचन सिंह, शंकर प्रसाद यादव, सतीश कुमार रैकवार, ऋषि कुमार शुक्ला, मुख्य अनुशासन अधिकारी फूलचंद चंद्रवंशी अन्य मौजूद रहे। समारोह का संचालन प्रवक्ता विजय कुमार पांडे ने किया।

## दो महिलाएं कजरौटा के बहाने नवजात को लेकर फरार

**बरगढ/चित्रकूट।** जिले के बरगढ़ थाना क्षेत्र के मुरका गांव की सतेवा देवी के जीवन में शुक्रवार का दिन दर्द, उम्मीद और फिर गम की एक अद्भुत त्रासदी लेकर आया। डभौरा जाते समय रास्ते में अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई और चुनगी गांव के पास महुआ के पेड़ के नीचे दोपहर करीब 12:30 बजे उन्होंने एक बेटे को जन्म दिया।

मौके पर मौजूद दो अज्ञात महिलाएं, जिन्होंने पहले तो मदद का हाथ बढ़ाया, बाद में क्रूरता की हदें पार कर गईं। दोनों महिलाओं ने सतेवा देवी को भरोसा दिलाया कि वे उन्हें व नवजात को घर छोड़ेंगी। वे लोग ऑटो में बैठकर 2 बजे के करीब बरगढ़ कस्बा पहुंचीं। लेकिन यहां पहुंचते ही कजरौटा और कपड़े लाने का बहाना बनाकर नवजात को लेकर फरार हो गईं। सतेवा देवी, जो उस समय प्रसव के बाद बेहोशी की हालत में थीं, अपनी बेटी परी के साथ अशोक चौराहे पर बेसहारा पड़ी रहीं। होश आने पर जब बच्चे का कोई अता-पता नहीं मिला, तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की जा रही है। अब तक जिलेभर में अलर्ट जारी कर दिया गया है, लेकिन नवजात का कोई सुराग नहीं मिला है।

वहीं एसपी अरुण कुमार सिंह ने स्वयं महिला से बात की, जिसमें उसने बताया कि प्रसव के बाद वह एक सफेद रंग की मार्शल गाड़ी में उन्हीं दो महिलाओं के साथ अशोक चौराहा बरगढ़ तक आई थीं। इसके बाद ही महिलाओं ने कपड़े और कजरौटा खरीदने का बहाना बनाकर नवजात को लेकर चुपचाप निकल जाने की योजना पर अमल कर दिया। बरगढ़ थाने में अज्ञात महिलाओं के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम गठित कर दी गई है और हर सम्भव सुराग की तलाश की जा रही है।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय की दमनकारी नीतियों के खिलाफ महाकाल की शरण में

- संघर्ष 45वें दिन भी अडिग, मूकदर्शक प्रशासन
- कुलगुरू के घेराव की चेतावनी



प्रदर्शन में बैठे पीड़ित कर्मचारी

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, जो कभी ग्रामीण विकास व शिक्षा का आलोक स्तंभ कहलाता था, आजकल कर्मचारियों के असंतोष और संघर्ष का केंद्र बना हुआ है। संयुक्त कर्मचारी संघ के बैनर तले विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने अपनी मूलभूत समस्याओं: पेंशन, भविष्य निधि (पीएफ) तथा नियमित वेतन की मांग को लेकर चलाया जा रहा आंदोलन 4 फरवरी से निरंतर जारी है, और 20 फरवरी से यह संघष क्रमिक भूख हड़ताल का रूप ले चुका है। संघ के अध्यक्ष गुरुप्रकाश शुक्ला ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि विश्वविद्यालय प्रशासन तानाशाही रवैया अपनाते हुए कर्मचारियों की मांगों के समाधान के बजाय आंदोलन दबाने हेतु दमनात्मक कदम उठा रहा है। कहा कि हम वर्षों से सेवा दे रहे हैं, लेकिन हमारे अधिकारों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। प्रशासन की चुप्पी अब असहनीय हो चुकी है। अध्यक्ष ने यह भी चेतावनी दी कि यदि अब भी समाधान नहीं निकाला गया तो आगामी दिनों में कुलगुरु एवं कुलसचिव का घेराव किया जाएगा। साथ ही, न्याय की गुहार को मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र उज्जैन जाकर भगवान महाकाल की परिक्रमा की जाएगी। कहा कि जब न्याय के सारे द्वार बंद हो जाते हैं, तब केवल ईश्वर का दरबार ही अंतिम आश्रय बनता है।

आज, क्रमिक भूख हड़ताल के 45वें दिन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सतना जिला सेवा प्रमुख सुशील कुमार मिश्र एवं सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव अनशन पर बैठे, जिनकी उपस्थिति ने इस आंदोलन को सामाजिक चेतना का स्वरूप दिया है। आंदोलन स्थल पर एक प्रकार की संकल्प-शक्ति का महासागर उमड़ पड़ा।

# बिना लाइसेंस संचालित अन्नपूर्णा गृह उद्योग सील 6 क्विंटल से अधिक नकली बेसन, आटा सीज

- 18 खाद्य नमूनों की जांच
- लैब रिपोर्ट का इंतजार

**अखंड भारत संदेश**



मौके पर जांच कर नमूना लेते खाद्य अधिकारी

**चित्रकूट।** जिले में नवरात्रि के मौके पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के चलाए गए विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्यवाही सामने आई है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं डीएम चित्रकूट के आदेश पर सहायक आयुक्त (खाद्य) सुश्री प्रियंका सिंह के निर्देश में 29 मार्च से 4 अप्रैल तक जिलेभर में खाद्य सुरक्षा टीम ने सघन निरीक्षण अभियान चलाया। जिसमें कुल 18 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। वहीं, एक बड़ी कार्यवाही करते हुए कालूपुर पाही कर्वी के अन्नपूर्णा गृह उद्योग नामक निर्माण इकाई को सील कर दिया गया, जो कि बिना किसी वैध पंजीकरण अथवा लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित हो रही थी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने मौके से लगभग 1091 किलोग्राम बेसन (अनुमानित मूल्य 68,640 रूपए), 1248 किलोग्राम मटर बेसन (49,920 रूपए) और 3264 किलोग्राम आटा (84,864 रूपए) सीज किया। साथ ही, अन्नपूर्णा गृह उद्योग से बेसन, मटर बेसन व आटे के चार नमूने प्रयोगशाला जांच हेतु संग्रहित किए गए। इन नमूनों के अलावा कर्वी, मऊ, पहाड़ी, सरधुवा और राजापुर क्षेत्रों से मिश्रित दूध, सेंधा नमक, किसमिस, छुहारा, अखरोट, साबूदाना, पनीर, घी, बादाम शेक के नमूने भी संकलित किए गए। सहायक आयुक्त सुश्री प्रियंका सिंह ने बताया कि सभी नमूने खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद दोषियों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्यवाही में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण प्रदीप कुमार, विनय कुमार एवं प्रमोद कुमार सोनकर भी शामिल रहे।

## चित्रकूट जेल में रहेंगें पूर्व विधायक शाहनवाज राणा

**चित्रकूट।** मुजफ्फरनगर जिला कारागार में निरुद्ध पूर्व विधायक शाहनवाज राणा को शनिवार को चित्रकूट जिला कारागार स्थानांतरित कर दिया गया। भारी सुरक्षा के बीच उनके चित्रकूट पहुंचने पर कड़ी तलाशी ली गई, जिसके बाद उन्हें हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया है।

जेल प्रशासन ने बताया कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शाहनवाज राणा की बैरक में 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे निगरानी में रहेंगे। साथ ही अतिरिक्त जेल वार्डन भी तैनात किए गए हैं, ताकि जेल नियमों का पालन हो सके व किसी भी तरह की विशेष गतिविधि पर नजर रखी जा सके। जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय ने बताया कि बंदी को विशेष निगरानी में रखा जाएगा व सभी व्यवस्थाएं सुरक्षा मानकों के अनुरूप की गई हैं।

# प्रशासनिक लापरवाही से दो मासूम बच्चों का शव बिना पोस्टमार्टम किए दफन

**अखंड भारत संदेश**

- परिजनों ने की पोस्टमार्टम की मांग
- कार्यप्रणाली पर उठे सवाल,
- सैंड खनन पर चुप्पी

**चित्रकूट।** कनभय गांव में सिलिका सैंड खनन के गहरे गड्ढे में डूबकर दो मासूम बच्चों की कोमल (10) व विकास (8) की दर्दनाक मौत के बाद प्रशासन की लापरवाही सामने आई है। घटना की सूचना मिलने के अधिकारियों ने शवों को बिना पोस्टमार्टम कराए, दफन करवा दिया, जिससे ना सिर्फ परिजनों का दिल टूट गया, बल्कि प्रशासनिक प्रक्रिया पर भी गंभीर सवाल उठ गए।

परिजनों ने इस लापरवाही पर आक्रोश व्यक्त करते हुए बार-बार पोस्टमार्टम की मांग की, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि शवों को दफनाने से क्या होगा, इन्हें दफना दो। इस अजीबो-गरीब बयान ने सभी को हैरान कर दिया। मृतक बच्चों के चाचा आरोप लगाया कि हमने बार-बार कहा कि पोस्टमार्टम करवाएं, लेकिन प्रशासन ने हमारी एक नहीं सुनी।

हैरान करने वाली बात यह है कि जब प्रशासनिक अमला घटनास्थल पर पहुंचा, तो पोस्टमार्टम के बिना शव दफनाने की प्रक्रिया क्यों अपनाई गई, यह अब भी एक बड़ा सवाल बना हुआ है। एसडीएम सौरभ यादव व एसपी अरुण कुमार सिंह ने मामले को संज्ञान में लिया है, लेकिन घटनास्थल पर हुए लापरवाह फैसले को लेकर कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका। अब परिजनों ने डीएम से निवेदन किया है कि मृतक बच्चों के शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम कराया जाए ताकि अवैध खनन और इस हादसे की सच्चाई सामने आ सके। यह पूरी घटना प्रशासन की लापरवाही की ओर इशारा करती है और यह दशार्ती है कि कभी-कभी कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी कितनी भयावह हो सकती है।

# बांग्लादेश : अंतरिम सरकार से स्पष्ट चुनावी रोडमैप की मांग, बीएनपी की देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की योजना

**ढाका। बांग्लादेश** नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) राष्ट्रीय चुनाव के लिए स्पष्ट रोडमैप प्रदान करने में अंतरिम सरकार की नाकामी को उजागर करने के लिए सहयोगियों के साथ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने पर विचार कर रही है।

बांग्लादेशी मीडिया आउटलेट यूएनबी ने शनिवार को बताया कि पार्टी ढाका में बड़े पैमाने पर सार्वजनिक रैली आयोजित करेगी और अंतरिम सरकार को चुनाव की तारीख की घोषणा करने के लिए समय सीमा तय करेगी।

रैलियों का सिलसिला मई तक जारी रहेगा।

25 मार्च को राष्ट्र के नाम टेलीविजन संबोधन में यूनुस ने कहा कि चुनाव दिसंबर 2025 और जून 2026 के बीच होंगे। उन्होंने कहा कि सर्वसम्मति आयोग सभी राजनीतिक दलों से सुधारों पर सक्रिय रूप से राय एकत्र कर रहा है।

बीएनपी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि अंतरिम सरकार का कार्यकाल बढ़ाने और चुनाव में देरी करने का जानबूझकर प्रयास



किया जा रहा है।

पार्टी ने चेतावनी दी कि अगर दिसंबर तक चुनाव नहीं हुए तो लोगों में अस्थिरता और 'तीव्र आक्रोश' पैदा हो सकता है।

बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने यूनुस के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, "मैं बहुत निराश हूं कि मुख्य सलाहकार ने 25 मार्च को अपने भाषण में स्पष्ट चुनाव रोडमैप का उल्लेख नहीं किया। मेरा मानना है कि चुनाव रोडमैप का अभाव सरकार की राजनीतिक अनुभवहीनता को दशार्ता है।"

फरवरी में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान ने यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर बांग्लादेश में अस्थिरता पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "पिछले कुछ समय से हम इस बात पर चिंता जता रहे हैं कि सरकार के कुछ अधिकारी लोगों के अधिकारों की बहाली के बारे में विरोधाभासी टिप्पणियां कर रहे हैं। परिणामस्वरूप, विभिन्न क्षेत्रों में अशांति फैल गई है।"

बांग्लादेश में राजनीतिक संगठनों की बहुचर्चित एकता, जो अगस्त 2024 में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित अवामी लीग सरकार को हटाने के दौरान पूरी तरह से प्रदर्शित हुई थी, धीरे-धीरे फीकी पड़ रही है। पिछले सात महीनों में देश के संकट में फंसने के साथ, कई राजनीतिक नेता, जो पहले यूनुस का समर्थन करते थे, अब उनकी खुलकर आलोचना कर रहे हैं, खासकर राष्ट्रीय चुनाव कराने में हुई लंबी देरी को लेकर।

# कनाडा में भारतीय नागरिक की चाकू घोंपकर हत्या



**ओटावा। कनाडा** के ओटावा के निकट रॉकलैंड इलाके में एक भारतीय नागरिक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद स्थानीय अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की। कनाडा में भारतीय दूतावास ने शनिवार सुबह घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। भारतीय दूतावास ने एक बयान जारी कर घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और पीड़ित परिवार को सहायता देने का भी ऐलान किया। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "ओटावा के निकट रॉकलैंड में चाकू घोंपने से एक भारतीय नागरिक की दुखद मौत से हम बहुत दुखी हैं। पुलिस ने बताया है कि एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। हम शोक संतप्त परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय सामुदायिक संघ के माध्यम से निकट संपर्क में हैं।"

हालांकि चाकू मारने की घटना का विवरण अभी भी अस्पष्ट है, लेकिन स्थानीय मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि यह घटना सुबह-सुबह क्लेरेंस-रॉकलैंड क्षेत्र में हुई। अधिकारियों ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है कि क्या यह वही मामला है जिसका उल्लेख भारतीय दूतावास ने किया है।

सीबीसी न्यूज के अनुसार, हत्या की चल रही जांच के तहत ओन्टारियो प्रांतीय पुलिस (ओपीपी) ने क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ा दी है।

पुलिस ने रॉकलैंड निवासियों को भी चेतावनी जारी की है, जिसमें उन्हें सलाह दी गई है कि वे कानून प्रवर्तन की गतिविधियों में वृद्धि की अपेक्षा करें, जबकि अधिकारी अपराध से जुड़ी परिस्थितियों की जांच जारी रखेंगे।

कनाडा स्थित दूतावास ने जनता को आश्वासन दिया कि वह इस कठिन समय में पीड़ित परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रहा है। चाकू घोंपने के पीछे का मकसद अभी भी स्पष्ट नहीं है और जांच जारी है। दूतावास ने स्थानीय अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने का वादा किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि परिवार को उनकी जरूरत के मुताबिक सहायता मिले और मामले से जुड़ी आगे की कार्रवाई में मदद मिले।

# सोशल मीडिया पर वॉरेन बफेट से जुड़ी वायरल हो रही सभी टिप्पणियां झूठी : बर्कशायर



**नई दिल्ली। अमेरिकी** बहुराष्ट्रीय कंपनी बर्कशायर हैथवे ने कहा कि एक्स, टिकटॉक और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वॉरेन बफेट द्वारा आर्थिक नीतियों पर कथित तौर पर की गई टिप्पणियों को लेकर प्रसारित सारी रिपोर्ट झूठी हैं।

यह बयान डोनाल्ड ट्रंप के ट्रुथ सोशल अकाउंट द्वारा हाल ही में किए गए दावों के बाद आया, जिसमें कहा गया था कि बफेट ने अमेरिकी राष्ट्रपति की आर्थिक नीतियों का समर्थन किया है।

ट्रंप के पोस्ट में दावा किया गया था कि 94 वर्षीय अरबपति ने अमेरिका में 50 से अधिक वर्षों में देखे गए 'सर्वश्रेष्ठ आर्थिक कदम' उठाने के लिए राष्ट्रपति की प्रशंसा की।

इंस्टाग्राम पर एक यूजर ने मूल रूप से 13 मार्च को बफेट के बारे में दावे पोस्ट किए थे और यह इस हफ्ते वायरल होने लगा जब ट्रंप ने कई देशों पर अपेक्षा से अधिक टैरिफ लगाने की घोषणा की।

बर्कशायर ने एक बयान में कहा, "सोशल मीडिया (एक्स, फेसबुक और टिक टॉक सहित) पर वॉरेन ई. बफेट द्वारा कथित तौर पर की गई टिप्पणियों के बारे में रिपोर्टें प्रसारित हो रही हैं। ऐसी सभी रिपोर्टें झूठी हैं।"

बफेट 1965 से बर्कशायर का काम मैनेज कर रहे हैं। बर्कशायर ने पिछले साल अक्टूबर में कहा था कि बफेट राजनीतिक उम्मीदवारों या निवेश उत्पादों का समर्थन नहीं करेंगे।

वहीं, "कई धोखाधड़ी वाले दावों" में उनके समर्थन का संकेत दिया गया।

इस बीच, 2 अप्रैल को लिबरेशन डे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ घोषणा ने वैश्विक बाजारों में हलचल मचा दी है। इससे वॉल स्ट्रीट पर 2.5 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति का नुकसान हुआ।

# रूस ही नहीं ये देश भी ट्रंप की 'टैरिफ स्ट्राइक' से बचे, क्या है इसकी वजह?

**वाशिंगटन। अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल को दुनिया भर के 184 देशों पर व्यापक टैरिफ लगाया। भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया, जबकि चीन और अन्य देशों को इससे भी अधिक शुल्क लगा। लगभग सभी देशों को अब 10 प्रतिशत के बेसलाइन टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। हालांकि रूस समेत कुछ अन्य देशों को इससे बाहर रखा गया ? आखिर इसका कारण क्या है?

व्हाइट हाउस ने जब से 'टैरिफ लिस्ट' जारी की तभी से इसमें बेहद अहम देश रूस की गैरमौजूदगी चर्चा का विषय बनी हुई है। इसे लेकर व्हाइट हाउस की तरफ से सफाई भी जारी की गई।

हालांकि रूस का 'टैरिफ लिस्ट' से बाहर होना बहुत हैरानी की बात नहीं है। व्हाइट हाउस में दूसरी बार एंट्री के बाद से ट्रंप, रूस को लेकर बेहद नरम रुख अपना रहे हैं। यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर भी उन्होंने कीव को लगातार निशाने पर लिया जबकि मॉस्को का बयाव किया।

अमेरिकी आउटलेट एक्सियोस के मुताबिक व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि रूस को इसलिए (टैरिफ लिस्ट से) बाहर रखा गया क्योंकि वह पहले से ही अमेरिकी प्रतिबंधों के अधीन है, जो क्रेमलिन और वाशिंगटन डीसी के बीच 'किसी भी सार्थक व्यापार को रोकते हैं।

रूस ने ट्रंप से अमेरिका की मध्यस्थता वाली यूक्रेन युद्ध विराम वार्ता के तहत कुछ प्रतिबंधों को हटाने के लिए कहा है।



हालांकि लेविट का कहना है कि कि रूस को अभी भी 'अतिरिक्त कड़े प्रतिबंधों' का सामना करना पड़ सकता है। बता दें ट्रंप ने हाल ही में रूस को तेल पर सेकेंडरी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। यूएस प्रेसिडेंट के मुताबिक वह यूक्रेन के बारे में की गई रूसी राषट्रपति व्लादिमीर पुतिन की टिप्पणियों से 'नाराज' हैं।

यूक्रेन पर रूस के हमले के कारण लगाए गए प्रतिबंधों के कारण अमेरिका-रूस व्यापार का मूल्य 2021 में लगभग 35 बिलियन डॉलर से घटकर पिछले वर्ष 3.5 बिलियन डॉलर रह गया। अमेरिका अभी भी मॉरीशस या ब्रुनेई जैसे देशों की तुलना में रूस के साथ अधिक व्यापार करता है, जो ट्रंप की टैरिफ सूची में शामिल है।

रूस के अलावा क्यूबा, बेलारूस और उत्तर कोरिया को भी टैरिफ लिस्ट से बाहर रखा गया है। लेविट का कहना है कि इन देशों पर मौजूदा शुल्क और प्रतिबंध पहले से ही बहुत अधिक हैं।

कनाडा और मैक्सिको को भी इस टैरिफ लिस्ट में शामिल नहीं किया गया। लेविट ने इसकी वजह बताते हुए कहा कि ट्रंप ने पहले ही दोनों पर 25% टैरिफ लगा दिया था।

# केपी के सीएम ने किया अफगान शरणार्थियों को निर्वासित करने का विरोध, कहा - शरीफ सरकार की नीति गलत

**इस्लामाबाद। पाकिस्तान** के खैबर-पख्तूनख्वा (के-पी) प्रांत ने संघीय सरकार की निर्वासन नीति को 'दोषपूर्ण' करार दिया और ऐलान किया कि किसी भी अफगान शरणार्थी को क्षेत्र से 'जबरन' निर्वासित नहीं किया जाएगा। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया जब देश के अन्य भागों में सरकारी निर्देश पर शरणार्थियों को बाहर निकालने के लिए अभियान शुरू हो चुका है।

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान ने अफगान



नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों सहित शरणार्थियों के लिए अपने देश लौटने की 31 मार्च की समय सीमा तय की थी।सरकार ने चेतावनी दी थी कि जो लोग समय सीमा के बाद भी नहीं जाएंगे, उन्हें जबरन निर्वासित किया जाएगा।

इस्लामाबाद में शुक्रवार को मीडिया को संबोधित करते हुए इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता और के-पी के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर ने जबरन निर्वासन के खिलाफ अपनी सरकार का संकल्प व्यक्त किया।

गंडापुर ने कहा, "हम किसी पर दबाव नहीं डालेंगे। हालांकि, अगर कोई स्वेच्छा से अपने देश लौटना चाहता है।

# इजरायली सेना का दावा, हमने हमास को पैसे ट्रांसफर करने वाले प्रमुख शख्स को मार गिराया

**यरूशलम। इजरायली** सेना ने गाजा में हमास के प्रमुख मनी एक्सचेंजर को मार गिराया है।

इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि उसने सईद अहमद अबेद खुदारी को गाजा शहर में मार गिराया, जो कथित तौर पर हमास का एक प्रमुख मनी एक्सचेंजर था।

आईडीएफ के अनुसार, खुदारी को गुरुवार को मार गिराया गया। वह हमास में आतंकियों को पैसे देने का एक प्रमुख सूत्रधार था।

आईडीएफ ने शुक्रवार को बयान में कहा कि खुदारी ने एक मनी एक्सचेंजर के रूप में काम करते हुए अल वेफाक कंपनी फंड का प्रमुख था, जिसे इजरायली सरकार द्वारा आतंकवादी संगठन घोषित किया गया था

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, आईडीएफ के अनुसार खुदारी ने कई सालों तक हमास के सैन्य हिस्से को कई बार पैसे ट्रांसफर करने में मदद की, खास तौर पर 7 अक्टूबर, 2023 के हमले के बाद।

# श्रीलंका में पीएम मोदी का शानदार स्वागत, दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

**कोलंबो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शनिवार को कोलंबो के इंडिपेंडेंस स्क्वायर पर भव्य औपचारिक स्वागत किया गया। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने द्वीप राष्ट्र की उनकी राजकीय यात्रा के दौरान उनकी मेजबानी की। स्वागत समारोह में प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या और दिसानायके के मंत्रिमंडल के प्रमुख सदस्य उपस्थित थे। यह 2014 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की चौथी श्रीलंका यात्रा है। राष्ट्रपति



दिसानायके के पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद शुक्रवार देर शाम बैंकॉक से कोलंबो पहुंचे। पिछले साल दिसंबर में अपनी पहली आधिकारिक भारत दौरे के दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति ने उन्हें इस यात्रा का निमंत्रण दिया था।

# सीजीटीएन सर्वे : अमेरिका के 'पारस्परिक टैरिफ' की दुनियाभर में निंदा

**बीजिंग। अमेरिका** ने गुरुवार को अपनी 'पारस्परिक टैरिफ' योजना की घोषणा की। सीजीटीएन के वैश्विक नेटिजेंस के बीच किए गए सर्वेक्षण से पता चलता है कि उत्तरदाताओं ने 'पारस्परिक टैरिफ' के बहाने अन्य देशों को एकतरफा धमकाने के लिए अमेरिका की कड़ी निंदा की, उनका कहना है कि इस कदम से अन्य देशों की ओर से जवाबी कार्रवाई हो सकती है और अंततः 'टैरिफ विश्व युद्ध' में बदल सकता है, जिससे विश्व अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

अमेरिका का दावा है कि उसे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में नुकसान उठाना पड़ा है और वह व्यापार घाटे को कम करने के उद्देश्य से 'पारस्परिकता' के बहाने सभी व्यापारिक साझेदारों पर टैरिफ बढ़ाता है।




हालांकि, 81.03 प्रतिशत वैश्विक उत्तरदाता इससे सहमत नहीं हैं, उनका मानना है कि इस तरह के उपायों से अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं होंगे। ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान, उन्होंने प्रमुख व्यापारिक साझेदारों पर टैरिफ लगाए।

थिंक टैंक अमेरिकन एक्शन फोरम के आंकड़ों के अनुसार, पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप की संरक्षणवादी नीतियों से अमेरिकी उपभोक्ताओं को सालाना लगभग 57 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ।

सर्वेक्षण में, 81.94 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि 'पारस्परिक टैरिफ' अमेरिका की अपनी समस्याओं को हल नहीं कर सकते हैं, बल्कि केवल अमेरिकी उपभोक्ताओं के हितों को नुकसान पहुंचाएंगे और अमेरिकी अर्थव्यवस्था की वृद्धि को नीचे खींचेंगे।

यह सर्वेक्षण सीजीटीएन के अंग्रेजी, स्पेनिश, फ्रेंच, अरबी और रूसी प्लेटफार्मों पर जारी किया गया था। 24 घंटे के भीतर, कुल 9,600 विदेशी नेटिजेंस ने सर्वेक्षण में भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# 12वीं बार अल सीसी से मिलेंगे फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों

**फ्रांस**

**फ्रांस** के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों फ्रांस और मिस्र के ऐतिहासिक रिश्तों को और चमकाना चाहते हैं. विश्लेषक कहते हैं मिस्र के सहारे फ्रांस मध्य पूर्व में शांति बहाली की कोशिश कर सकता है.

फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों रविवार को तीन दिन के दौरे पर मिस्र जा रहे हैं. 2017 से फ्रांस का राष्ट्रपति पद संभाल रहे मैक्रों 12वीं बार मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी से मिलेंगे.

फ्रांसीसी राष्ट्रपति भवन की प्रवक्ता के मुताबिक, मार्क्रों के मिस्र दौरे पर सीरिया, लीबिया, सूडान और इस्राएल में जारी संकट पर बातचीत होगी. फ्रांस को उम्मीद है कि मिस्र के सहारे वह मध्य पूर्व में जारी विवादों का कोई समाधान खोज सकेगा.

हालांकि मैक्रों के आधिकारिक दौरे का मुख्य उद्देश्य आर्थिक सहयोग है. लेकिन इस दौरान ज्यादातर निगाहें गाजा विवाद पर टिकी रहेंगी. इस्राएल ने हाल ही में हमास के साथ हुए संघर्ष विराम को तोड़ा है. अब बीच-बीच में इस्राएली सेना, गाजा पर बमबारी भी कर रही है. यूरोपीय संघ, अमेरिका, जर्मनी और कुछ अरब देश हमास को आतंकवादी संगठन मानते हैं.

इस्राएल ने 7 अक्टूबर 2023 के आतंकवादी हमले के बाद गाजा में घुसकर सैन्य कार्रवाई शुरू की. हमास के अक्टूबर 2023 के आतंकवादी हमले में 1,200 से ज्यादा लोग मारे गए और 200 से ज्यादा लोग बंधक बनाए गए. बंधक बनाए गए कुछ लोग आज तक सुरक्षित नहीं लौटे हैं. दूसरी तरफ इस्राएल की जवाबी कार्रवाई में अब तक फलीस्तीनी क्षेत्र में 50,000 से ज्यादा



लोग मारे जा चुके हैं.

इस्राएल के हमलों में 400 से ज्यादा की मौत

मैक्रों के कार्यालय के मुताबिक, "हम संघर्षविराम और युद्ध के संभावित अंत पर बातचीत करेंगे." इसके साथ ही फ्रांस और मिस्र के बीच रणनीतिक साझेदारी पर भी चर्चा होगी. फिलहाल मिस्र और यूरोपीय संघ के बीच ऐसी ही एक रणनीतिक साझेदारी है.

अरब जगत में फ्रांस की भूमिका

यूरोपीय संघ के सभी देशों में फ्रांस के अरब जगत और मिस्र से सबसे पुराने रिश्ते रहे हैं. राजनीतिक सलाहकार संस्था, एईके काउंसिल के कार्यकारी निदेशक अहमद एल केयी कहते हैं, "कई दशकों से फ्रांस और मिस्र के शानदार रिश्ते हैं. मिस्र में फ्रांस की कई कंपनियां हैं, जिनके वहां हजारों कर्मचारी हैं. इसके साथ ही मिस्र 2015 में राफेल लड़ाकू विमान खरीदने वाला पहला देश था, इसके बाद ही दूसरे देशों के लिए इस फाइटर को निर्यात करने का रास्ता खुला."

आज मिस्र, फ्रांस के सैन्य उपकरणों का मुख्य खरीदार है. दोनों देशों को इन प्रगाढ़ संबंधों की शुरूआत फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति शार्ल दु गॉल की मध्य-पूर्व नीति से हुई. जून 1967 में छह दिन के अरब-इस्राएल युद्ध से ठीक पहले इस्राएल ने मिस्र पर हमला किया था. तब शार्ल दु गॉल ने हमले की निंदा करते इस्राएल को हथियार बेचने पर पाबंदी लगा दी. पूर्व पत्रकार एल केयी के मुताबिक, "यह भी एक और कारण है जिसकी वजह से अरब जगत में और खास तौर पर मिस्र में फ्रांस की काफी इज्जत की जाती है."

फ्रांसीसी राष्ट्रपति कार्यालय को 1995 से कवर कर रहे पत्रकार खालेद साद जागहलौल कहते हैं, "राष्ट्रपति जाक शिराक, निकोला सारकोजी, फ्रांसुआ ओलांद और अब इमानुएल मार्क्रों, सबने हफ्ते में कम से कम एक बार काहिरा से मशविरा किया है."

जागहलौल ने डीडब्ल्यू से कहा, "1979 में मिस्र और इस्राएल के बीच हुए शांति समझौते के बाद से ही काहिरा को एक स्वीकार्य साझेदार के तौर पर देखा जाता है."

कैंप डेविड समझौते के तहत इस्राएल को आधिकारिक रूप से मान्यता देने वाला पहला अरब देश मिस्र ही था।